Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 302 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, बुधवार 06 मई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



नागरिक आदर्शवान और अनुशासित होना चाहिये, हमारा देश निश्चित विकास करेगा।

Our country would Certainly develop it our citizens submit the mselves to idealism and discipline.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## बंगाल: ममता बनर्जी का इस्तीफा से इनकार



■ पश्चिम बंगाल में भाजपा को 207 सीटों के साथ स्पष्ट बहुत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आगे कहा- चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। ममता ने आरोप लगाया- भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। टीएमसी सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है।

पश्चिम बंगाल में बीजेपी की भारी जीत के बावजूद तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने चुनाव परिणाम को स्वीकार नहीं किया। साथ ही चुनाव आयोग और भाजपा पर धांधली का आरोप लगाया है।

### संविधान के हिसाब से गवर्नर के पास 4 रास्ते

किसी भी प्रदेश में राज्यपाल संवैधानिक मुखिया होते हैं। सरकार बनाने या गिराने में उनकी बड़ी भूमिका होती है। अगर मुख्यमंत्री बहुमत खो चुके हों तो गवर्नर कई कदम उठा सकते हैं।

- इस्तीफा मांगना और फ्लोर टेस्ट- गवर्नर सबसे पहले ममता से इस्तीफा मांग सकते हैं। अगर वे मना कर दें तो नई विधानसभा में विश्वास मत (फ्लोर टेस्ट) करवा सकते हैं। इसमें साफहो जाएगा कि किस पार्टी के पास कितना समर्थन है।
- नई सरकार बनाने का निमंत्रण- बीजेपी के पास 207 सीटें हैं, जो 294 सदस्यीय सदन में स्पष्ट बहुमत है। गवर्नर बीजेपी के नेता को सरकार बनाने का आमंत्रण दे सकते हैं। साथ ही मौजूदा सरकार को भी बहुमत साबित करने का मौका देना संभव है।
- मंत्रिमंडल बर्खास्त करने का अधिकार- अगर स्थिति बिगड़ती है और मुख्यमंत्री बहुमत खो चुके हों तो गवर्नर मंत्रिपरिषद को बर्खास्त भी कर सकते हैं। हालांकि, ऐसा कदम बहुत कम ही बार उठाना पड़ता है, लेकिन संविधान में यह व्यवस्था है।
- राष्ट्रपति शासन की सिफारिश- अगर कोई स्थिर सरकार नहीं बन पाती तो गवर्नर राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेजकर अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश कर सकते हैं।

### बीजेपी की तरफ से शपथ ग्रहण की तैयारियां तेज

बीजेपी अब नई सरकार बनाने की कवायद में जुटी हुई है। सूत्रों के मुताबिक विधायक दल का नेता चुनने की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सकती है। वहीं टीएमसी कानूनी लड़ाई और सड़क पर विरोध की रणनीति बना रही है। पश्चिम बंगाल की जनता ने साफ मैंडेट दिया है।

## अमित शाह को बनाया पश्चिम बंगाल का केंद्रीय पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत के बाद अब प्रदेश में नई सरकार के गठन की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में अब भाजपा ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पश्चिम बंगाल में केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसके अलावा ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी केंद्रीय सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसकी जानकारी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी गई है। इसमें बताया गया है कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने पश्चिम बंगाल में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव हेतु केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को केंद्रीय सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। गौरतलब हो कि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए भाजपा पहली बार सरकार बनाने जा रही है। चुनाव आयोग के मुताबिक, बंगाल में भाजपा को 207 सीटें मिली है, जबकि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी को 80 सीटों पर जीत मिली है। इसके अलावा कांग्रेस को दो, सीपीआई (एम) को एक सीट मिली है।



### जेपी नड्डा को असम का जिम्मा सौंपा

इसके साथ ही भाजपा ने असम में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वहीं, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को केंद्रीय सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। असम में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाई है। एनडीए ने 126 विधानसभा सीटों में 102 सीटों पर जीत दर्ज की। भाजपा ने 82 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि उसके सहयोगी दलों बोडो पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) को 10-10 सीट पर जीत मिली है। वहीं कांग्रेस पार्टी को 19 सीटों पर जीत मिली है।

## कोलकाता डीसीपी शांतनु सिन्हा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी



**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस के डीसीपी शांतनु सिन्हा बिस्वास के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। देश छोड़कर भागने की आशंका के बीच ईडी ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। ये नोटिस प्रवर्तन निदेशालय ने सोना पप्पू केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की है। ईडी ने मामले में पूछताछ के लिए शांतनु सिन्हा को बुलाया था। डीसीपी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए हैं। अब ईडी ने यह बड़ी कार्रवाई की है। बता दें कि ईडी ने पिछले महीने शांतनु सिन्हा बिस्वास के घर और उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने शांतनु के गोलपार्क स्थित आवास पर भी छापा मारा था। यह छापेमारी दक्षिण कोलकाता के बालीगंज इलाके में 'सोना पप्पू सिंडिकेट' मामले के हुई। बिस्वास एक समय कालीघाट पुलिस स्टेशन के इंचार्ज थे। यह थाना भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। ममता ने यहां से चुनाव लड़ा था, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। आरोपी सोना पप्पू सोना एक रियल एस्टेट डेवलपर और हिस्ट्रीशीटर है। उस पर हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, और आर्म्स एक्ट के तहत 15 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। श्रेष्ठ ने अप्रैल 2026 में कोलकाता के आनंदपुर, अलीपुर और अन्य इलाकों में सोना पप्पू के सहयोगियों और व्यापारियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। आरोप है कि सोना पप्पू ने फ्लैट देने के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये लिए और उन्हें न तो फ्लैट मिले और न ही पैसे वापस हुए।

### छत्तीसगढ़ में आंधी-बारिश से सड़कें जलमग्न, बिजली आपूर्ति प्रभावित

## मौसम ने अचानक बदला अपना मिजाज



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई है। रायपुर और भिलाई में भी शाम को काले बादल छा गए और जोरदार बारिश हुई। कांकेर के चारामा में मूसलाधार बारिश से नेशनल हाईवे 30 पर पानी भर गया। इस दौरान कुछ घंटे के लिए बिजली बंद रही। गरियाबंद और जीपीएम जिले में बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है, लेकिन पेंड्रा क्षेत्र में बिजली चली गई। यहां आंधी से गौरेला ओवरब्रिज के पास कई पेड़ टूटकर गिर गए। मनेंद्रगढ़ के जनकपुर में बारिश का पानी लोगों के घर में घुस गया। बता दें कि मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए बारिश, तेज आंधी और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। लोगों को खराब मौसम के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों और खुले मैदानों से दूर रहने की सलाह दी है। प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान मौसम ने अचानक करवट ली है। कई जिलों में तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है।

## पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को जन्मदिन की दीं शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे शहरी बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं।

इस संबंध में पीएम मोदी ने अपने एक्स पर अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। शहरी बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र को बेहतर बनाने से जुड़ी अनेक पहलों में वे सबसे आगे हैं। ये दोनों ही क्षेत्र हमारी विकास यात्रा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करे। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी मनोहर लाल खट्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- हरियाणा में परिवर्तन और विकास की मजबूत नींव रखने वाले हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री, हम सभी के प्रेरणास्त्रोत, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## स्मार्ट मीटर का फैसला वापस लेने पर अखिलेश यादव का तंज



**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है. राज्य में लगे सारे स्मार्ट मीटर पहले की तरह पोस्टपेड सिस्टम पर ही संचालित होंगे. सरकार ने स्मार्ट मीटर में आ रही तकनीकी समस्याओं और उपभोक्ताओं के लगातार विरोध को देखते हुए यह फैसला लिया है. जिसे लेकर अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर करारा तंज कसा है. उन्होंने कहा, प्रीपेड मीटर की भ्रष्टाचारी व्यवस्था का हम सबका विरोध आखिरकार दंभी सरकार को झुका गया है. ये जनशक्ति की जीत है. उप्र की जागरुक जनता भाजपा का अत्याचार और भ्रष्टाचार और नहीं सहेगी. आगे अखिलेश यादव ने कहा, प्रीपेड मीटर के बहाने जो बढ़े बिल जनता से वसूले गये हैं।

## भारत-म्यांमार नौसेना सहयोग को मजबूत करने पर दिया जोर, एडमिरल त्रिपाठी की अहम बैठक



**नईदिल्ली।** चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने म्यांमार की राजधानी नेप्यीडॉ में म्यांमार नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल ह्टिन विन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ते रिश्तों पर बात हुई। साथ ही समुद्री सहयोग बढ़ाने, ट्रेनिंग, क्षमता निर्माण, मोबाइल ट्रेनिंग टीम्स, हाइड्रोग्राफी और आपसी तालमेल को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, म्यांमार दौरे के दौरान चार मई को एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने नेप्यीडॉ में एडमिरल ह्टिन विन से मुलाकात की। वहां पहुंचने पर म्यांमार नौसेना ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। यह बैठक दोनों नौसेनाओं के रिश्तों को और मजबूत करने और बंगाल की खाड़ी में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है।

## आप पार्टी के 7 सांसदों के दलबदल पर केजरीवाल ने दी कड़ी प्रतिक्रिया कहा- 'ये 6 सीट किसी के पिता जी की नहीं...'



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के कथित तौर पर सात सांसदों के भाजपा में शामिल होने की खबरों के बीच सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर कड़ा हमला बोलते हुए बीजेपी पर सीट चोरी का आरोप लगाया है।

केजरीवाल ने कहा कि अगर ऐसा हुआ है तो यह लोकतंत्र के लिए ठीक संकेत नहीं है और उनकी पार्टी इसका जवाब आने वाले समय में देगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि आम आदमी पार्टी अगले साल इसका राजनीतिक जवाब देगी। केजरीवाल ने कहा, ये सात लोग जो चले गए, ये चोरी करके गए हैं। बीजेपी ने चोरी की है। ये सीट किसी के पिताजी की नहीं थी, पंजाब के लोगों की थी। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि पंजाब की छह राज्यसभा सीटों पर बीजेपी ने डाका डाला है और इस राजनीतिक घटनाक्रम को लोकतंत्र के खिलाफ बताया। केजरीवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि इसका जवाब आने वाले समय में दिया जाएगा। उन्होंने कहा, इसका बदला अगले साल फरवरी में लिया जाएगा।

## इंडिगो फ्लाइट की लैंडिंग के बाद ब्लास्ट 5 यात्री घायल, मची अफरा-तफरी



**चंडीगढ़।** मोहाली स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया। हैदराबाद से चंडीगढ़ पहुंची इंडिगो की फ्लाइट के लैंड होते ही एक यात्री के पावर बैंक में अचानक विस्फोट हो गया। धमाका होते ही विमान के केबिन के भीतर हड़कंप मच गया और यात्रियों में अफरातफरी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पावर बैंक में ब्लास्ट होते ही विमान के अंदर काला धुआं फैल गया और यात्री जान बचाने के लिए चिल्लाने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्रू मेंबर्स ने तुरंत इमरजेंसी प्रक्रिया शुरू की। हालांकि, शुरुआत में आपातकालीन निकास द्वार खोलने में कुछ तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जिससे यात्रियों की घबराहट और बढ़ गई। अंततः गेट खोलकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में पांच यात्रियों के घायल होने की प्रारंभिक सूचना है। उन्हें तत्काल एयरपोर्ट से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। विमान में लगी आग को बुझाने के लिए एयर होस्टेस और क्रू मेंबर्स ने तत्परता दिखाई और फायर फाइटिंग उपकरणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। फिलहाल एयरपोर्ट अथॉरिटी और सुरक्षा एजेंसियां इस बात की गहन जांच कर रही हैं कि पावर बैंक में विस्फोट किन कारणों से हुआ। एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी यात्रियों को सुरक्षित टर्मिनल तक पहुंचा दिया गया है।

## इनोवेशन महाकुंभ 1.0 बस्तर को इनोवेशन हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम: साय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जगदलपुर में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इनोवेशन महाकुंभ 1.0 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र में प्रतिभा और संभावनाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल सही मंच, मार्गदर्शन और अवसर की है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को नवाचार और उद्यमिता के लिए एक मजबूत प्लेटफॉर्म मिल रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर के समग्र विकास के लिए तैयार रोडमैप का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें रोजगार, शिक्षा, स्टार्टअप और अधोसंरचना का विशेष ध्यान रखा गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना का विस्तार कर इसे नियद नेल्ला नार 2.0 के रूप में 10 जिलों में लागू किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ को इनोवेशन हब बनाने के उद्देश्य से नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-30 लागू की गई है। इस नीति के तहत युवाओं को आइडिया से लेकर व्यवसाय विस्तार तक हर स्तर पर सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सहायता जैसी सुविधाओं से स्टार्टअप को बढ़ावा मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। विकसित छत्तीसगढ़ का मार्ग विकसित बस्तर से होकर जाता है। उन्होंने कहा कि बस्तर में आदिवासी कला, लघु वनोपज, जैविक कृषि, पर्यटन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें तकनीक, ब्रांडिंग और ई-कॉमर्स से जोड़कर नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर में पर्यटन के बढ़ने से होमस्टे, स्थानीय गाइड, हस्तशिल्प और वनोपज की मांग बढ़ेगी, जिससे गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विश्वास जताया कि बस्तर का युवा उद्यमिता के माध्यम से विकसित बस्तर, विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

कार्यक्रम में नवाचार करने वाले बेस्ट आइडिया और बेस्ट स्टार्टअप के विजयी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि, प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि उद्यमिता और स्वरोजगार को अपनाकर युवा आगे बढ़ें, ताकि अपने घर-परिवार को खुशहाल बना सकें।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि इस इनोवेशन महाकुंभ के माध्यम से युवाओं को एक मंच मिला है, जिससे वे अपने नवाचार को आगे बढ़ाने के साथ ही आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वयं का व्यवसाय या स्वरोजगार स्थापित कर नौकरी देने वाले बनें और अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनें।

इस अवसर पर सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप एवं विधायक जगदलपुर श्री किरण देव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवाचार के जरिये उद्यमिता एवं स्वरोजगार अपनाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहभागिता निभाने के लिए युवाओं से आह्वान किया।

# बंगाल में ऐतिहासिक जीत पर रायपुर में जश्न मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भव्य स्वागत

### देशभर में पार्टी के बढ़ते जनसमर्थन का प्रमाण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर के छत्तीसगढ़ क्लब चौक पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को माला पहनाकर और मुँह मीठा कराकर अपनी खुशी जाहिर की।



यह उत्साह भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह विजय पश्चिम बंगाल की जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने पूर्ण विश्वास के साथ कहा कि अब पश्चिम बंगाल में सुशासन की सरकार स्थापित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की जागरूक और राष्ट्रवादी जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रीय हित की राजनीति पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि 45 वर्षों बाद यह ऐतिहासिक परिवर्तन आया है । इसके साथ ही उन्होंने अन्य राज्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि असम में भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है।

## जनादेश भाजपा के साथः पश्चिम बंगाल ने चुना नया रास्ता : कौशिक

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा के जीत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है साथ ही पश्चिम बंगाल की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जीत से एक नया बंगाल और सशक्त बंगाल का उदय हुआ है, पश्चिम बंगाल कि जनता अब तुष्टिकरण और अराजकता की राजनीति से त्रस्त हो चुकी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी लोककल्याण नीतियों के प्रती वहां की जनता का अटूट विश्वास इस चुनाव में एक क्रांतिकारी परिणाम लेकर आया है। उन्होंने कहा की बंगाल की जीत केवल एक आकड़ो या पार्टी की जीत नहीं यह जीत दशकों से दबे उन लोगों की है जिनके हक को छिना जा रहा था, यह जीत पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं लाखों करोड़ों कार्यकर्ताओं के कई दशकों तक की गई मेहनत और धैर्य का प्रमाण है। बंगाल की माँ-माटी-मानुष को शत शत प्रणाम इस महाविजय से मानो बंगाल की शस्य श्यामला भूमि पर वंदे मातरम का सामूहिक जयघोष हुआ है। यह विजय हमारे प्रेरणास्त्रोत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की धरती पर राष्ट्रवाद और सोनार बंगला के स्वप्न का उदय है। उन्होने कहा कि बंगाल की जनता बताया है कि अराजकता और भ्रष्टाचार चरम पर हो तो अर्श से फर्श तक लाने में समय नही लगता बंगाल में टीएमसी की हार इसका स्पष्ट उदाहरण है जिसे जनता ने उखाड़ फेका है और विकास का मार्ग अपनाया है और भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया है। इसके लिए पश्चिम बंगाल की जनता का आभार है और निश्चित ही इस विश्वास को अटूट विश्वास बनाए रखने में भारतीय जनता पार्टी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।





## लोकतंत्र के महापर्व में जनता ने चुना विकासवादः तोखन साहू

**रायपुर/बिलासपुर।** पश्चिम बंगाल, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को मिली प्रचंड जीत पर केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे 'विकास की जीत' और 'जनता का न्याय' बताया है। श्री साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने हिंसा और तुष्टीकरण के दौर को समाप्त कर 'सोनार बांग्ला' के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। भाजपा का प्रदर्शन राज्य के राजनीतिक इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगा। श्री साहू ने कहा कि असम की जनता ने पुनः मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व और एनडीए सरकार के डबल इंजन विकास मॉडल पर अपना अटूट भरोसा जताया है। असम में भाजपा की लगातार बढ़त शांति और प्रगति की जीत है। इसी तरह के परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि जनता सुशासन और केंद्र सरकार के साथ समन्वय वाली सरकार चाहती है। ?श्री साहू ने कहा कि यह परिणाम केवल सीटों की जीत नहीं है, बल्कि यह उन करोड़ों कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम की जीत है जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी के झंडे को बुलंद रखा। श्री साहू ने विजयी प्रत्याशियों और कर्मठ कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में ये सरकारें जनकल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगी।



## ऐतिहासिक जीत का जश्नः राष्ट्र निर्माण की दिशा में नई ऊर्जा : विधायक पुरंदर

देशभर में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत का जश्न उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में 15 वर्षों के बाद मिली विजय ने इस दिन को ऐतिहासिक बना दिया है। यह जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर जनता की सशक्त मुहर है। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्मभूमि बंगाल में कमल का खिलना हर राष्ट्रभक्त के लिए गर्व का विषय है। इसी अवसर पर रायपुर में मुख्यमंत्री निवास के बाहर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी से सौजन्य भेंट कर उनका पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस बार जश्न की खास बात यह रही कि पारंपरिक मिठाइयों की जगह कार्यकर्ताओं एवं आमजनों के बीच झलमुड़ी बांटकर खुशी का इज़हार किया गया, जो बंगाल की संस्कृति से जुड़ा प्रतीकात्मक और अनोखा अंदाज़ रहा। साथ ही पटाखे फोड़कर और जयघोष के साथ विजय का उल्लास मनाया गया इस अवसर पर रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संदीप जंघेल, मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप खेलकर सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि यह जीत हर कार्यकर्ता की मेहनत, हर मतदाता के विश्वास और विकसित भारत के संकल्प की जीत है।



## पीडब्ल्यूडी में 50 लाख का टेंडर घोटाला लेनदेन कर उस फर्म को कार्यादेश दिया जो टेंडर भरा ही नहीं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पीडब्ल्यूडी में हुए 50 लाख के टेंडर घोटाला को गुजरात मॉडल करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पीडब्ल्यूडी विद्युत विभाग ने 50 लाख रु. की एलईडी कलर लाइट लगाने 50 लाख रु. की टेंडर मंगवाई चार फर्म भाग ली जिसमें दो फर्म चयनित हुए लेकिन लेनदेन कर कार्यादेश उस फर्म को दिया गया जिसने टेंडर में भाग नहीं लिया और उस फर्म को पूरा भुगतान कर दिया गया। क्या यही गुजरात मॉडल है, कमीशन दो टेंडर लो, ये तो टेंडर घोटाला हो गया। जब टेंडर प्रक्रिया में ही धांधली हो गई तो उस फर्म ने जो एलईडी कलर लाईट में कितनी गड़बड़ी की होगी? भाजपा सरकार में कमीशनखोरी का खेल जोरो पर है। हर टेंडर में गड़बड़ी, विभागीय खरीदी में गड़बड़ी भाजपा सरकार का मूल काम है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा में है। पीडब्ल्यूडी विभाग सहित सभी विभागों में हालत यही है। विभागों में हो रही सामानों की खरीदी बाजार मूल्य से चार गुना ज्यादा में हो रही है। महिला बाल विकास विभाग में अभी साड़ी खरीदी में भारी झोलझाल हुआ है, बाजार मूल्य से ज्यादा में साड़ी खरीदी गई वो भी घटिया क्वालिटी की एवं लम्बाई में एक मीटर छोटी, 8 लाख की रोटी मशीन, 10 लाख की टीवी, 1500 रु. में एक जोड़ी चप्पल, 2000 के वर्मी बेड को 16,500 रु. में, 40 हजार में जग की खरीदी के अलावा जंबुरी घोटाला, कन्या विवाह योजना में गड़बड़ी, दवा खरीदी में घोटाला ऐसा कोई विभाग नहीं बचा जहां भाजपा की भ्रष्टाचार की बू नहीं आ रही हो। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पीडब्ल्यूडी विद्युत विभाग में हुई 50 लाख रु. की टेंडर घोटाला की जांच की जाये। जिम्मेदारों पर कड़ी कार्यवाही हो। जिस फर्म को बिना टेंडर कार्यादेश दिया गया है, भुगतान की गई है, उससे पैसा की वसूली की जाये।



## मादा नीलगाय मृत अवस्था में मिलने के संबंध में वन विभाग की कार्रवाई

**रायपुर।** वन परिक्षेत्र पिथौरा अंतर्गत परिवृत्त पूर्व पिथौरा के परिसर सुखीपाली स्थित शांतिनगर के कक्ष क्रमांक 234 के समीप मादा नीलगाय मृत अवस्था में पाई गई। उक्त संबंध में वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिलने पर 4 मई की सुबह लगभग 8:30 बजे टीम मौके पर पहुंची, जहां प्रारंभिक जांच में अवैध शिकार की आशंका जताई गई है। उक्त कार्रवाई वनमंडलाधिकारी श्री मयंक पाण्डेय के निर्देशानुसार संपन्न की गई।वनमंडलाधिकारी श्री मयंक पाण्डेय ने बताया कि डॉग स्क्वाड टीम जंगल सफारी रायपुर तथा पशु चिकित्सक सांकरा एवं उनकी टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि नीलगाय के दो पैर काटकर अलग किए गए थे तथा गले पर धारदार हथियार से हमला किए जाने के निशान मिले।

## जोन कमिश्नर ने स्वच्छ सर्वेक्षण तैयारी पर ली समीक्षा बैठक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल ने नगर निगम जोन 8 कार्यालय में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025- 26 की तैयारी पर जोन अधिकारियों की आवश्यक समीक्षा बैठक ली और जोन 8 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन सहित सभी सम्बंधित जोन अधिकारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 की नगर निगम जोन 8 के सभी 7 वार्डों में सफाई व्यवस्था सुधारते हुए चुस्त - दुरुस्त बनाकर सतत मॉनिटरिंग कर पुख्ता तैयारी करने निर्देशित किया. जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल ने सिटी प्रोफाइल स्थलों की लगातार सफाई करवाने और अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों को स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में स्वच्छता फीडबैक देने वार्डवासियों से उन्हें जागरूक बनाकर विनम्र अपील रायपुर नगर निगम के हित में करने निर्देशित किया.नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर नगर निगम जोन 8 जनगणना चार्ज अधिकारी श्रीमती राजेश्वरी पटेल ने जोन क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर घर - घर जाकर जनगणना पर्यवेक्षकों और प्रगणकों द्वारा किये जा रहे मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया और उन्हें समयसीमा में त्रुटिरहित कार्य करने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए।

## कांसाबेल के खूंटीटोली में लगा जिला स्तरीय सुशासन शिविर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जशपुर जिले में ÷सुशासन तिहार 2026÷ के अंतर्गत आज कांसाबेल विकासखंड के ग्राम खूंटीटोली में जिला स्तरीय सुशासन शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों के समक्ष अपनी समस्याएं एवं मांगें रखीं। मौके पर लगाए गए शासकीय स्टॉलों के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को तत्काल लाभ भी प्रदान किया गया।

इस शिविर में टांगरगांव, हथगड़ा, बरजोर, नरियरडांड, पुसरा, फरसाजुड़वाईन, खूंटीटोली, चेटबा, सूजीबहार, ढुढरूडांड, जुमईकेला, छेराघोघरा और केनाडांड सहित कई गांवों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान उनके गांव के निकट ही किया जाए। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित कर समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें।कलेक्टर ने स्पष्ट किया।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में गंगोत्री से गंगासागर तक देश भगवामय : भावना

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम आये जिसमें तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जित दर्ज की, इसमें विशेषकर पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत ऐतिहासिक रही। 15 वर्षों तक तृणमूल कांग्रेस के किला को ढहा कर भाजपा ने यहाँ एक बड़ी जित दर्ज की है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री श्री अमित शाह जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी ने इन चुनावों में खुद मोर्चा संभाला था और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी खूब मेहनत की जिसके परिणाम स्वरुप बंगाल में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिक की है।



पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा ने पश्चिम बंगाल,असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे जनता के अटूट विश्वास, मजबूत नेतृत्व और विकास की राजनीति की निर्णायक जीत बताया है। उन्होंने कहा कि गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा की यह जीत पूरे देश में एक सकारात्मक संदेश दे रही है कि अब जनता केवल काम, पारदर्शिता और राष्ट्रहित के साथ है। भावना बोहरा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने बीते वर्षों में अभूतपूर्व विकास, सुशासन और वैश्विक स्तर पर नई पहचान हासिल की है। यही विश्वास अब राज्यों के चुनावों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पश्चिम बंगाल की जनता ने भाजपा को समर्थन देकर यह सिद्ध कर दिया है कि वे अब भय, हिंसा और भ्रष्टाचार की राजनीति से मुक्ति चाहती है। असम और पुडुचेरी में भी भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इन तीनों राज्यों में भाजपा को मिली इस प्रचंड बहुमत और जनविश्वास के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी, सभी विजयी प्रत्याशी और देवतुल्य कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देती हूँ और भाजपा के प्रति विश्वास व्यक्त करने के लिए मैं सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करती हूँ।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./31095/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 05-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31095**
**वार्ड का नाम- 14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR221B00131** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NANAKRAM, PRAHLAD S/O JAIRAM DAS LALWANI VIJAY KUMAR LALWANI S/O RAMESH KUMAR LALWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. **श्री नानक राम 2. श्री प्रहलाद 3. श्री रमेश कुमार पिता -स्व. श्री जयराम दास 4. श्रीमती साधना कुंगवानी पति - श्री मुरलीधर कुंगवानी 5. विजय कुमार पिता - रमेश कुमार** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, बिक्रीनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## सांसद बृजमोहन, विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

### जोन 6 कार्यालय राजस्व विभाग के जर्जर भवन को तोडकर 1 करोड 10 लाख में नया भवन शीघ्र बनेगा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर दक्षिण विधानसमा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर जोन 6 अंतर्गत डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड कमांक 61 में 1 करोड 80 लाख के नये विकास कार्यो हेतु भूमिपूजन किया एवं महामाया मंदिर वार्ड कमांक 65 में 2 करोड 17 लाख में अधोसंरचना मद से 6 भिन्न स्थानो पर नये विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। वार्ड 61 में रायपुर नगर निगम के पुराने जोन 6 कार्यालय राजस्व विभाग के जर्जर पुराने भवन को तोडकर 1 करोड 10 लाख की लागत से नया सामुदायिक भवन जनहित में जनउपयोग में शीघ्र बनाया जायेगा, वहीं महामाया मंदिर वार्ड में 2 विभिन्न स्थानों पर अधोसंरचना मद से 86 लाख एवं 94 लाख इस तरह लगभग 1 करोड 80 लाख की लागत से प्रोफेसर कालोनी में बारिश में जलभराव की पुरानी गंभीर समस्या का स्थायी निदान करने 2 स्थानो पर नये पक्के नालो का निर्माण किया जायेगा। लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, समापति श्री सूर्यकांत राठौड, लोककर्म विभाग अध्यक्ष श्री दीपक जायसवाल, एमआईसी सदस्य श्री मनोज वर्मा, जोन 6 अध्यक्ष श्री बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन 5 अध्यक्ष श्री अम्बर अग्रवाल, जोन 4 अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड पार्षद श्री रवि सोनकर, महामाया मंदिर वार्ड पार्षद श्रीमती जयश्री नायक, श्रीमती स्वप्निल मिश्रा, श्रीमती अंजली जितेन्द्र गोलछा, श्री प्रमोद साहू, श्री रमेश सपहा, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर, रायपुर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि श्री विजय अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष श्री अभिषेक तिवारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री पियूष ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सीमा साहू, सोनकर समाज प्रदेश अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर, पूर्व पार्षद श्रीमती सरिता वर्मा, श्री सालिक सिंह ठाकुर, जोन 6 जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव, बड़ी संख्या में वार्ड 61 एवं 65 के रहवासी गणमान्यजनों, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवको, बच्चो की उपस्थिति में श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 6 क्षेत्र में वार्ड 61 व 65 में लगभग सवा 4 करोड की राशि के भूमिपूजन एवं लोकार्पण के विकास कार्यो की शानदार सौगात नगरवासियों को प्राप्त हुई।रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे एवं रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी से कहा कि वे रायपुर शहर के नगर निगम के सभी 70 वार्डो में 70 बड़े सामुदायिक भवन गरीब वर्ग के नागरिको के सामाजिक कार्यो कार्यक्रमों आदि की सहज सुविधा हेतु रिक्त भूमि उपलब्ध करवाकर नगरनिगम रायपुर के माध्यम से बनाने जनहित में योजना बनाये।



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.), फोन नं.-0771-2991574**
email Id- eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी बोरियाकला, जिला रायपुर,** में स्थित **दीनदयाल आवास योजनांतर्गत निर्मित फ्लैट क्र. एल.आई.जी -740 ब्लॉक-47 भूतल, श्री अशोक कुमार पाल पिता स्व. श्री शिवेन्द्रनाथ पाल निवासी:- एल.आई.जी-740 ब्लॉक-47, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोरियाकला रायपुर, तह व जिला-रायपुर (छ.ग.)** के नाम पर इस कार्यालय के आंबटन आदेश **क्र. 2735 दिनांक 28.05.2013** के माध्यम से एकमुश्त आधार पर आंबटित है। आबंटी द्वारा फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर **दिनांक 02.07.2013** को सेलडीड निष्पादित कराने के उपरांत पत्र **क्रमांक 4523 दिनांक 11.09.2013** को आधिपत्य आदेश जारी किया गया है। आंबटी **श्री अशोक कुमार पाल पिता स्व. श्री शिवेन्द्रनाथ पाल,** उक्त फ्लैट को विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त फ्लैट को क्रेता **श्री राकेश राजपुत पिता श्री देवी सिंह राजपुत निवासी: ई.डब्ल्यू.एस. 1429 ब्लॉक नं. -90 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोरियाकला रायपुर (छ.ग.)** के पक्ष में विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन/फ्लैट के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./30967/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 30-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 30967**
**वार्ड का नाम-44-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757B00293** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VIMAL CHAND JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. ANOOP CHAND JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **चेतना जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **मनीष जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./30800/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 04-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 30800**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR235D00465** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ABC CONSTRUCTION PVT. LTD., SHYAM LAL AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O JAY NARAYAN AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MEENAL SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **D/O RAVISHANKAR SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार **गोटविन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा डायरेक्टर एवं अधिकृत प्रतिनिधि- श्री नवीन कुमार झा, उम्र 44 वर्ष , पिता बासुदेव झा, पता :- -27, सेक्टर-2 , सेक्टर-2 वार्ड नंबर 10 ,तिलक नगर वार्ड एकता नगर चौक रायपुर छत्तीसगढ़,** पिन -492 010 ने **श्री आशीष कुमार गुप्ता पिता जय कुमार गुप्ता जाति - बनिया निवासी 000105, A-62 गोल बाजार थाना के पास पूनम शु मालवीय रोड ग्राम + पोस्ट - रायपुर जिला रायपुर छत्तीसगढ़ -490021** के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका **खसरा नं 574/8 रकबा 0.10 हेक्टेयर, (ऋण पुस्तिका क्रमांक P 2584930) वाके मौजा ग्राम नरदहा रा.नि.मं. चंदखुरी, पटवारी हल्का नंबर 001 तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर** का विक्रय अनुबंध पत्र के माध्यम से क्रय करने हेतु बयाना राशि अदा कर सौदा कर लिया है। उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्थान, बैंक, सोसायटी, शासकीय अर्द्धशासकीय विभाग को कोई आपत्ति हो अथवा पूर्व में कोई अनुबंध पत्र निष्पादित हो तो वह इस प्रकाशन के पंद्रह (15) दिवस के अंदर मेरे निम्न पते पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि को अपने हक में पंजीकृत करवाने हेतु स्वतंत्र होगा व उक्त समयावधि के पश्चात कोई दावा, आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**अधिवक्ता तापस कांति घोष,**
**डी एम प्लाजा के पास**
**छोटापारा,रायपुर**
**( मोबाइल 98261-32035 )**

# आजादी के बाद मिनी बांग्लादेश का रूप लेता बंगाल को मिली आजादी- अनूप सिन्हा

## तीन राज्यों के विधानसभा के चुनाव में भाजपा की जीत पर विश्रामपुर में भाजपा का जश्न

**गोपाल सिंह विद्रोही**





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**– बंगाल ,असम ,पुडुचेरी राज्यों में भाजपा की जीत पर सूरजपुर जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनूप सिन्हा के आह्वान पर बिश्रामपुर बस स्टैंड में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्रित हो आतिशबाजी की और मिठाई वितरण कर खुशी बनाई।

बंगाल चुनाव से लौट भाजपा की युवा एवं युवाओं के चाहते अनूप सिन्हा ने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए बंगाल का चुनाव नजदीक से आंखों देखा हाल का वृतांत बताते हुए कहा कि बंगाल तो पहले कम्युनिस्टों का कब्जा में था बाद में तृणमूल कांग्रेस का शासन आया और इन दो राजनीतिक पार्टियों ने बंगाल की जनता को जीना हराम कर दिया। बंगाल का वातावरण गुलामी का वातावरण था ।आजाद भारत में गुलाम प्रांत की स्थिति बनी हुई थी। तेजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का करिश्मा नेतृत्व ने बंगाल को बंगाल की जनता को सही आजादी दिलवाई जिसके लिए बंगाल की जनता प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री अमित शाह जी को कोटीश :धन्यवाद ज्ञापित करती है।श्री सिंहा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय को 56 विधानसभा की जिम्मेदारी प्रदान की गई थी। बंगाल की जीत में छत्तीसगढ़ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई है।पवन साय जी पिछले 6 माह से वही युवा तुर्क अनूप सिन्हा तीन माह से वर्धमान जिले में संगठनात्मक दृष्टि से अपनी सेवाएं दे रहे थे इन्होंने आंखों देखा पश्चिम बंगाल का हाल कार्यकर्ताओं को साझा करते हुए बताया कि चुकी पश्चिम बंगाल से हमारी भी पृष्ठभूमि रही है वहां की भौगोलिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं सामाजिक ज्ञान की जानकारियां प्राप्त है परंतु सनातनी हिंदुओं के लिए न तो कम्युनिस्ट और नहीं त्रिमूण कांग्रेस के गुंडो ने जीने दिया । आजादी के बाद अब बंगाल में सही माने में वहां की सनातनी अपने त्यौहार को धूम धाम मनाएंगे अपितु स्वतंत्र बंगाल में आजादी से अपना त्यौहार मनाएंगे तथा सुरक्षित रहेंगे।।

बहरहाल बस स्टैंड बिश्रामपुर में तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत से जीत का ज़श्न आतीशवाजी और मिष्टान्न वितरण कर युवा भाजपा नेता अनूप सिन्हा के आह्वान पर मनायागया। इस अवसर पर महिला मोर्चा से श्रीमती श्यामा पांडेय, मोहिनी झा, सूरजपुर जिला भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक एवं दबंग नेता ललित गोयल, भाजपा शिवनंदनपुर मंडल महामंत्री शीती कांत स्वाइ, संजीत सिंह , मनी बग्गा, कृष्ण कुमार गोयल आनंद शर्मा, विश्रामपुर युवा मोर्चा के महामंत्री डीकेप्रजापति, युवा बादशाह एवं जिला मीडिया समन्वयक समीर सिंह आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला यादव ने सुशासन त्यौहार का किया शुभारंभ




## लोगों ने सड़क बत्ती एवं पानी के लिए दी आवेदन

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**– नगर पंचायत बिश्रामपुर में सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान आज वार्ड क्रमांक 1 से 4 तक कार्यालय में शिविर लगाया गया जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव ने महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर फूल और अगरबत्ती दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की शिविर के दौरान ज्यादातर आवेदन स्ट्रीट लाइट पानी साफ सफाई के साथ-साथ नगर के युवाओं द्वारा आरटीआई कालोनी समीप सहारा ग्राउंड की साफसफाई एवं समतलीकरण एवं स्थल पर बालू एवं मिट्टी गिरी जाने की आवेदन के माध्यम से मांग की गई है ताकि आने वाले विभिन्न भर्तियों की तैयारी युवाओं द्वारा आसानी से की जा सके अगले शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक 5 से 8 तक के लिए 12 में को आजाद ग्राउंड सामुदायिक भवन में एवं वार्ड क्रमांक 9 से 12 तक दिनांक 19 में को ग्लोबल स्कूल में एवं वार्ड क्रमांक 13 से 15 तक दिनांक 26 में को नगर पंचायत परिसर में की जाएगी शिविर में उपस्थित होकर मांग एवं समस्या के संबंध में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सुशील कुमार तिवारी नोडल अधिकारी गौरव कुमार अग्रवाल सहायक नोडल अधिकारी अरविंद यादव आकाश सिन्हा परमेश्वर दासशशि शर्मा अब्दुल हैदर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे

# एड-ए-मम्मा (Ed-a-Mamma) ने रायपुर के 'ज़ोरा द मॉल' में अपना पहलास्टोर खोला



**रायपुरः** बच्चों के लिए सस्टेनेबल कपड़ों और लाइफस्टाइल उत्पादों का ब्रांडएड-ए-मम्मा (Ed-a-Mamma) ने रायपुर के ज़ोरा द मॉल में अपना पहला एक्सक्लूसिवब्रांड आउटलेट (EBO) लॉन्च किया है। यह लॉन्च ब्रांड के रिटेल विस्तार की दिशा में एकमहत्वपूर्ण कदम है, जिससे उभरते उपभोक्ता बाजारों, खासकर टियर-2 शहरों में इसकीमौजूदगी और मजबूत होगी। उद्यमी और अभिनेत्री आलिया भट्ट द्वारा स्थापित, एड-ए-मम्मा (Ed-a-Mamma) अबपरिवारों के लिए एक विचारशील लाइफस्टाइल ब्रांड के रूप में विकसित हो चुका है।बच्चों के लिए सस्टेनेबल कपड़ों से शुरू हुआ यह ब्रांड अब मैटरनिटी वियर, खिलौनों, किताबों, एक्सेसरीज और हाल ही में लॉन्च की गई बेबी केयर कैटेगरी तक विस्तार करचुका है। यह पूरी तरह 'नेचर-फर्स्ट' सोच पर आधारित है, जो कम उम्र से ही जागरूक औरजिम्मेदार जीवनशैली को बढ़ावा देता है। रायपुर में नया स्टोर ग्राहकों के लिए ब्रांड तक पहुंच को आसान बनाता है और कंपनी कीव्यापक रणनीति को आगे बढ़ाता है। ऑफलाइन रिटेल ब्रांड डिस्कवरी, ग्राहकों के साथगहरा जुड़ाव और दोबारा खरीदारी को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाता है, चाहे वहऑफलाइन हो या ऑनलाइन। प्राकृतिक स्रोतों से बनी सामग्री और सौम्य डिजाइन केसाथ, एड-ए-मम्मा ऐसे उत्पाद तैयार करता है।

# वर्ल्ड अस्थमा डे 2026: डेली कंट्रोलर ट्रीटमेंट, सिर्फ़ आराम नहीं, अस्थमा में बेहतर नतीजों का सहारा है

**रायपुरः** इस वर्ल्ड अस्थमा डे 2026 पर जब GINA (ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा यानी अस्थमा के लिए वैश्विक पहल) एंटी-इंफ्लेमेटरी इनहेल्ड ट्रीटमेंट तक पहुंच की ज़रूरत पर ध्यान दिला रहा है,1 विशेषज्ञों ने भारत में अस्थमा केयर में एक बड़ा अंतर बताया है। सिप्ला की 'बेरोक ज़िंदगी' और 'टफ़ीज़' जैसी पहल समय पर और सही देखभाल पाने के तरीकों को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता फैलाने की कोशिशों को आगे बढ़ा रही हैं।

लक्षण-आधारित देखभाल से आगे बढ़ने की ज़रूरत पर ज़ोर देते हुए, डॉ. केदारनाथ देवांगन, पल्मोनोलॉजिस्ट, ने कहा:अस्थमा फेफड़ों की एक आम पुरानी बीमारी है जो सांस की नली में सूजन की वजह से होती है, और इसकी पहचान आमतौर पर घरघराहट, सांस लेने में तकलीफ सीने में जकड़न और खांसी जैसे लक्षणों से होती है, जो समय के साथ और गंभीरता में अलग हो सकते हैं। इन लक्षणों और अंदरूनी सूजन को मैनेज करने में अक्सर इनहेलेशन थेरेपी शामिल होती है, जो दवा को सीधे सांस की नली में पहुंचाती है। इससे फेफड़ों पर असर होता है और शरीर के बाकी हिस्सों पर असर कम होता है। इलाज में आमतौर पर लक्षणों से जल्दी राहत के लिए रिलीवर और लंबे समय तक मैनेजमेंट के लिए कंट्रोलर दवाएं शामिल होती हैं। हालांकि, रोज़ाना के इलाज का अनुपालन अक्सर कम होता है और कई मरीज़ सिर्फ़ जल्दी आराम देने वाली दवाओं पर निर्भर रहते हैं। इससे अंदरूनी सूजन पर काबू नहीं पाया जा सकता और इसके बढ़ते रहने का खतरा बना रहता है। इसे ठीक करने के लिए, ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा (GINA) की गाइडेंस में कॉम्बिनेशन इनहेलर की सलाह दी गई है जो लक्षणों और अंदरूनी सूजन दोनों का इलाज करते हैं। यह तरीका इलाज को आसान बनाता है, एक ही इनहेलर से फ्लेक्सिबिलिटी देता है और सिर्फ़ लक्षणों से राहत के अलावा अस्थमा को बेहतर तरीके से कंट्रोल करने में मदद करता है

# बारातियों से भरी पिकअप पलटी, दो की मौत; चार गंभीर घायल






**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**– सूरजपुर जिला के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में बारात से लौट रहे लोगों से भरी एक मालवाहक पिकअप वाहन के पलटने से दर्दनाक हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक महिला और एक पुरुष सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। इसके अलावा 8-9 लोगों को चोटें आई हैं, वहीं अन्य को सामान्य चोटें लगी हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पण्डो परिवार के लगभग 30 लोग पिकअप वाहन (क्रमांक MP66 G0 850) में सवार होकर बिहारपुर से मोहली होते हुए रसौकी गांव बारात गए थे। वापसी के दौरान मोहरसोप चौकी क्षेत्र अंतर्गत उमझर घटिया के पास कच्ची सड़क और बारिश के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने बताया कि मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना प्रतिबंधित है, इसके बावजूद लोग नियमों की अनदेखी कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। लगातार समझाइश और चालानी कार्रवाई के बाद भी इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और मालवाहक वाहनों में यात्रा न करें। यह हादसा एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात जागरूकता की कमी को उजागर करता है।

# सूरजपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ, गांव-गांव पहुंच रहा कृषि रथ

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**–छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों में आज विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के प्रथम दिवस कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो किसानों तक आधुनिक खेती की जानकारी और शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने का माध्यम बनेगा।







अभियान के तहत जिले के विभिन्न विकासखण्डों में कुल 12 कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें भैयाथान के सांवारावा व चन्द्रमेढ़ा, ओड़गी के नावाटोला व खडौली, सूरजपुर के उंचडीह व चम्पकनगर, रामानुजनगर के देवनगर व सोनपुर, प्रतापपुर के करसी व रमकोला तथा प्रेमनगर के कंचनपुर व नावापाराखुर्द ग्राम पंचायत शामिल रहे।

कार्यक्रमों में कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ-साथ कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी और मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लेकर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए वैज्ञानिक अनुशंसाओं के आधार पर ई-उर्वरक (टोकन प्रणाली) से वितरण की प्रक्रिया समझाई गई।

इसके साथ ही डीएपी के विकल्प के रूप में 12:32:16, 20:20:13, 10:26:26, 28:28:0, 16:16:16, 14:35:14 जैसे उर्वरकों, टी एस पी, एसएसपी, हरी खाद, जैव उर्वरक एवं नील हरित काई के उपयोग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में फसल की नई किस्मों, आधुनिक तकनीकों, बीजोपचार, जीवामृत एवं डी-कम्पोजर बनाने की विधि, एसआरआई पद्धति, कतार बोनी, पैडी ट्रांसप्लांटर और सीड ड्रिल स्प्रेयर के उपयोग पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को 17 प्रतिशत नमक घोल विधि, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं एग्रीस्टेक से जुड़ी नवीन पहल के बारे में भी अवगत कराया। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित कृषि एवं समवर्गीय विभागों – पशु चिकित्सा, उद्यानिकी और मत्स्यपालन – द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### वित्तमंत्री ओपी चौधरी का किया गया आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर/** माँ दंतेश्वरी एयरपोर्ट में वित्त मंत्री श्री ओम प्रकाश चौधरी का एक दिवसीय जगदलपुर आगमन पर महापौर श्री संजय पांडेय, सीजी ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव मद्दी, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वित्तमंत्री श्री चौधरी शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में आयोजित इनोवेशन महानुभाव 1.0 कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं।

### गायत्री भूमिगत परियोजना के ग्राम गेतरा में प्रभावित भू-स्वामियों के पुनर्वास पर 14 मई को जिला स्तरीय समिति की बैठक

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**–ग्राम गेतरा तहसील सूरजपुर में गायत्री भूमिगत परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि के एवज में कोल इंडिया पुनर्वास एवं पुनस्थापना नीति 2012 के प्रावधानों के तहत जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनस्थापना समिति की बैठक प्रभावित भू-स्वामियों के पुनर्वास एवं रोजगार के मुद्दे पर जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की बैठक जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में 14 मई 2026 को शाम 4:00 बजे आयोजित की जाएगी। यह बैठक कोल इंडिया पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति 2012 के तहत गठित समिति द्वारा आयोजित की जा रही है।

### बीरपुर जलाशय योजना के नवीनीकरण कार्य के लिए 95 .24 लाख रुपये स्वीकृत

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा, सूरजपुर जिले के विकासखण्ड-सूरजपुर के बीरपुर जलाशय योजना के नवीनीकरण कार्य के लिए 95 लाख 24 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं जलाशय योजना के प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण होने पर रूपांकित सिंचाई क्षमता 56 हेक्टेयर के विरूद्ध 56 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। योजना के अंतर्गत कार्यों को पूरा कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### सीआरपीएफ ने जंगल से नक्सलियों का विस्फोटक डंप किया बरामद

**जगदलपुर।** दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बारसूर थाना क्षेत्र के तोडमा गांव के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों का छिपाया गया भारी विस्फोटक डंप बरामद किया गया। यह कार्रवाई सीआरपीएफ की 195वीं वाहिनी और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने खुफिया सूचना के आधार पर की। सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन के दौरान जंगल में छिपाकर रखी गई विस्फोटक सामग्री और हथियारों का जखीरा बरामद हुआ, जिसमें इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, डुइक्स और स्क्रराउंड, ग्रेनेड से जुड़ा सामान, जिलेटिन, सेफ्टी फ्यूज वायर और संचार उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा एक भरमार राइफल, वायरलेस सेट, बैटरियां और नक्सली साहित्य भी जब्त किया गया है। यह कार्रवाई संकेत देती है कि समर्पण के बाद नक्सलियों के छिपे नेटवर्क और हथियार अब धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं। ऑपरेशन के बाद सभी जवान सुरक्षित लौटे, वहीं बरामद सामग्री को लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### चलती ट्रेन से गिरकर युवक की, पुलिस जांच में जुटी

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में चलती ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई. मृतक की पहचान उमेश गिरी 30 वर्ष के रूप में हुई है. वह रायपुर के काशी राम नगर का निवासी था. उमेश गिरी ट्रेन से रायपुर से भोपाल जा रहा था. इसी दौरान रेलवे ब्रिज के पास वह ट्रेन से नीचे गिर गया. हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही सिरगिट्टी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संपादकीय

# मजदूरों के असंतोष

नोएडा में कारखाना मजदूर सड़क पर उतरे। वहां की घटनाओं ने उन हालात की ओर ध्यान खींचा, जिससे हाल में देश के विभिन्न हिस्सों में मजदूर आंदोलित हुए हैं। मजदूरों के असंतोष पर सहानुभूति से ध्यान दिया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक शहर नोएडा में मजदूरों का उबलता असंतोष सोमवार को सड़कों पर छलक गया। हिंसा, आगजनी और पुलिस कार्रवाई ने वहां उन हालात की ओर ध्यान खींचा, जिस कारण हाल में देश के विभिन्न हिस्सों में मजदूर आंदोलित हुए हैं। वैसे, तो इन आंदोलनों के स्थल देश भर में फैले हुए हैं, लेकिन खास चर्चा हरियाणा में हुई आंदोलनकारी गतिविधियों की हुई। आखिरकार उनका असर हुआ, और हरियाणा सरकार ने आठ अप्रैल को सभी श्रेणियों के कर्मियों की न्यूनतम मजदूरी में 35 प्रतिशत बढ़ोतरी का एलान किया। इस निर्णय का असर नोएडा में देखा गया। कुछ ही दूरी पर एक जैसे काम के लिए अलग-अलग मजदूरी की बात उन्हें चुभी और वे भी आंदोलन पर उतर आए। वैसे भी एक विश्लेषण के मुताबिक 2016 से अब तक दिल्ली और हरियाणा की तुलना में उत्तर प्रदेश न्यूनतम मजदूरी काफी कम बढ़ी है। दिल्ली में ये वृद्धि लगभग 90 फीसदी और हरियाणा में 89 प्रतिशत रही, जबकि उत्तर प्रदेश में इसमें महज 42.6 फीसदी का इजाफा हुआ है। यानी गुजरे एक दशक में हुई मुद्रास्फीति के अनुपात में यूपी में मजदूरी नहीं बढ़ी है। ऐसे में मजदूरों के असंतोष को समझा जा सकता है। इस बीच श्रम कानूनों की जगह श्रम संहिताएं लागू होने और आठ घंटे काम की सीमा हटाए जाने की वजह से मजदूर पहले मिली वैधानिक सुरक्षाओं से वंचित हो गए हैं।उनकी पीड़ा को एक मजदूर की एक टीवी चैनल पर कही गई इस बात से समझा जा सकता है कि रोजाना 12 घंटे काम करने के बाद उन्हें महीने में 13 हजार रुपये मिलते हैं! अब उत्तर प्रदेश सरकार ने कारखाना मालिकों और मजदूरों के बीच संवाद कायम करने के लिए एक समिति बनाई है। मगर साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन विरोध प्रदर्शनों के पीछे नक्सलवाद को पुनर्जीवित करने की साजिश का शक भी जता दिया है। ऐसे में यह नहीं लगता कि मजदूर सरकार से किसी हमदर्दी की आशा कर सकते हैं। मगर ऐसे नजरियों से उस वक्त औद्योगिक शांति कायम करना कठिन होगा, जब श्रमिक वर्ग पर बढ़ते आर्थिक संकट की गहरी मार पड़ी है।

6 मई जन्मदिवस विशेष

# जनसेवा न्याय और विकास की त्रिवेणी पं. बंशराज तिवारी

बलौदाबाजार-- पं. बंशराज तिवारी छत्तीसगढ की राजनीतिक, सामाजिक और न्यायिक चेतना के सशक्त स्तंभ थे।एक कुशल अधिवक्ता, सिद्धांतनिष्ठ विधायक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समर्पित समाजसेवी के रूप मे उन्होंने अपने बहुआयामी व्यक्तित्व से जनसेवा की एक नई परिभाषा गढ़ी। उनका जीवन उन विरले महानायकों मे से एक था,जिन्होंने सत्ता को साधन बनाया लक्ष्य नही, अपने बनाए सिद्धांतों से कभी समझौता नही किया और अटूट समर्पण से क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा दी।

6 मई 1925 को पटेल सेनिटेशन पंचायत के अध्यक्ष पं. महावीर प्रसाद तिवारी के पुत्र के रूप मे जन्मे बंशराज तिवारी 3 बहनों मे इकलौते भाई थे। बाल्यावस्था मे ही पिता के निधन से उनके कंधों पर जिम्मेदारियां और चुनौतियां आईं जिनका सामना करते हुए उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा पूर्ण की। अल्पायु मे ही वे पटेल के पद पर आसीन हुए और 1940 मे ही उस पद से त्यागपत्र दे कर स्वतंत्रता

आंदोलन मे कूद पड़े। 1946 मे समाजवादी कांग्रेस पार्टी से जुड़कर उन्होंने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की और साथ ही अपनी पढ़ाई जारी रखी।






एक अधिवक्ता के रूप मे न्याय को विधिक दायरे मे सीमित ना रखते हुए उन्होने मानवीय संवेदना और नैतिक उत्तरदायित्व के साथ जोड़ा। वकालत उनके लिए पेशा नही बल्कि वंचित शोषित निर्धन और जरूरतमंद को न्याय दिलाने का पवित्र माध्यम बना। बलौदाबाजार बार एसोसिएशन के सचिव पद पर रहते हुए उन्होंने प्रभावशाली ढंग से बलौदाबाजार को जिला बनाने और छत्तीसगढ को पृथक राज्य का दर्जा देने की मांग विभिन्न मंचों और प्रदर्शनों के माध्यम से सरकारों के समक्ष रखी और वे जीवनपर्यंत इसके लिए संघर्षरत रहे।

जब देश पर आपातकाल का अंधकार छाया और लोकतांत्रिक मूल्यों पर संकट आया तो बंशराज जी ने साहस, सत्य और स्वतंत्रता के पक्ष मे खड़े होने का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। भय और दमन के आगे झूकने के बजाए उन्होने अपने साथियों के साथ सड़कों पर उतरकर लोकतंत्र की रक्षा का बिगुल फूंका। राजद्रोह जैसे गंभीर आरोपों का सामना करते हुए वे रायपुर सेंट्रल जेल मे मधु लिमय और जार्ज फर्नांडिस जैसे राष्ट्रीय नेताओं के साथ कारावास का दंश झेला। जिसके बाद वे प्रखर वक्ता और जननेता के रूप मे उभरे।

सन 1977 मे जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर वे बलौदाबाजार के विधायक निर्वाचित हुए। वे केवल एक जनप्रतिनिधि नही अपितु जनता के विश्वास और आकांक्षाओं के सशक्त स्वर बनकर उभरे। विधानसभा मे मुख्य सचेतक की भूमिका मे रहते हुए उन्होने बलौदाबाजार विधानसभा मे विकास की नई इबारत लिखी।शिवनाथ नदी से बलौदाबाजार तक जल प्रदाय योजना के तहत स्वच्छ जल अतिरिक्त सत्र न्यायालय की स्थापना निजी महाविद्यालय का शासकीयकरण टेलीफोन एक्सचेंज डाकघर की स्थापना शासकीय अस्पताल का विस्तार शहर से लेकर गांवों तक स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल सड़कों पूल पूलियों की व्यवस्था अपने ढाई साल के छोटे से कार्यकाल मे उन्होनें अपनी दूरदर्शिता कर्मठता और समर्पण से विकासपुरूष का दर्जा प्राप्त किया। पारिवारिक जीवन मे भी अपने उच्च आदर्शों का परिचय देते हुए उन्होंने अपनी पत्नि चंदा देवी के साथ मिलकर पुत्रों पुत्री मे समाज के लिए सेवा समर्पण त्याग का जो दीप प्रज्वलित किया वो आज भी प्रदीप्तमान है। 9 फरवरी 2006 उनके निधन के पश्चात परिवार द्वारा लगातार 20 वर्षों से नि:शुल्क रोग निदान शिविर के माध्यम से हजारों मरीजों का उपचार किया जा रहा है। उनकी स्मृति को अनंतकाल तक जीवंत रखने के लिए बलौदाबाजार के विकास को नई दिशा देने के लिए मुख्य मार्ग चौड़ीकरण मे भूमि दान की गई राष्ट्र प्रेम की अलख जलती रहे उसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय के लिए भूमि का दान किया गया। उनका संपूर्ण जीवन मानवता को समर्पित रहा। पं. बंशराज तिवारी ने वकालत और सत्ता को जनसेवा और विकास का माध्यम बनाया। वे एक सच्चे जननेता के रूप मे याद किए जाते रहेंगे।

विधायक रहते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी के साथ

# लोक के प्रति कब जवाबदेह बनेगी नौकरशाही

**उमेश चतुर्वेदी**

देश को अपने लोकतंत्र पर गर्व है, लेकिन इस व्यवस्था में राजनीतिक तंत्र के साथ ही प्रशासनिक और पुलिस अफसर लगातार मजबूत हुए हैं। अंग्रेज सरकार ने इंडियन सिविल सेवा यानी आईसीएस का गठन अपने राजकाज को मजबूत करने के लिए किया था। इसलिए शुरूआती दौर में इसमें गोरे लोगों को ही तवज्जो मिली। सरदार पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा को 'स्टील फ्रेम' बताया था। संविधान सभा में प्रशासनिक सेवा पर बहस के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए मजबूत और तटस्थ नौकरशाही पर जोर दिया था। हालांकि अंग्रेजों के नौकरशाह रह चुके एचवी कामथ को चिंता थी कि वैधानिक सुरक्षा नौकरशाही को गैरजवाबदेह और असल 'शासक' बना सकती है। एक अप्रैल को चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल के मालदा की घटना में नौकरशाही ने जैसा रूख अख्तियार किया है, उसे देख लगता है कि पटेल के भरोसे की तुलना में एचवी कामथ की चिंता समय की शिला पर सटीक साबित हुई है। मालदा में पूरे नौ घंटे तक सात न्यायिक अधिकारियों को सियासी कार्यकर्ता के मुखौटे वाले अपराधियों ने बंधक बनाए रखा। उस दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी मुख्य सचिव से संपर्क करने में नाकाम रहे। दिलचस्प यह है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव से जवाब-तलब किया तो उन्होंने माफी मांग कर काम चला लिया। उम्मीद थी कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में शीर्ष अधिकारियों को सबक सिखाने से पीछे नहीं रहेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह माफी से ही संतुष्ट हो गया। देश को अपने लोकतंत्र पर गर्व है, लेकिन इस व्यवस्था में राजनीतिक तंत्र के साथ ही प्रशासनिक और पुलिस अफसर लगातार मजबूत हुए हैं। अंग्रेज सरकार ने इंडियन सिविल सेवा यानी आईसीएस का गठन अपने राजकाज को मजबूत करने के लिए किया था। इसलिए शुरूआती दौर में इसमें गोरे लोगों को ही तवज्जो मिली। अंग्रेज सरकार भारतीयों को गुलाम मानती थी, लिहाजा उसके अफसर भी भारतीयों से उसी अंदाज में पेश आते थे। आजादी के बाद नौकरशाही के इस चरित्र को बदलने की कोशिश के तहत तटस्थ ब्यूरोक्रेसी के रूप में आईएएस कैडर बनाया गया। गांधी मानते थे कि आधुनिक राज व्यवस्था और नौकरशाही में हिंसा का वर्चस्व है। गांधी जी 'ट्रस्टीशिप' के सिद्धांत के अनुसार प्रशासनिक या आर्थिक रूप से ताकतवर लोगों से उम्मीद करते थे कि वे संसाधनों के स्वामी नहीं, बल्कि रक्षक की तरह व्यवहार करें। इसी अंदाज में नौकरशाही को सेवक बनाने की कोशिश हुई। लेकिन क्या नौकराशाह सेवक बन पाए? वे सिर्फ उन राजनीतिक आकाओं के ही सेवक बन पाए हैं, जो ताकतवर हैं और जिनसे उन्हें भविष्य में मलाईदार पदों और ताकत की उम्मीद है। यही वजह है कि आजादी के 79 साल बाद भी नौकरशाही का ज्यादातर हिस्सा सामंती मानसिकता से ही प्रभावित नजर आता है। जनता को वह अपनी रियाया मानता है। लोक से सामंतों जैसा व्यवहार करने में ही उसे हेठी नजर आती है। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला का कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का फोन नहीं उठाना इसी सोच का प्रतीक है। यह उस आशंका का भी जीवंत उदाहरण है, जो एचवी कामथ को परेशान कर रही थी। दिलचस्प यह है कि दुष्यंत नरियाला को 16 मार्च को ही चुनाव आयोग ने नंदिनी चक्रवर्ती की जगह नया मुख्य सचिव बनाया था, ताकि वे निष्पक्ष चुनाव करा सकें। नरियाला के व्यवहार से साफ है कि न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में उनका रवैया तटस्थ नौकरशाह की बजाय राज्य की मौजूदा सत्ता के इशारे पर ही काम करने वाले जैसा रहा। लोकतंत्र, लोक यानी आम लोगों का तंत्र है। लेकिन हकीकत में यह राजनीतिक दलों का तंत्र है और इस तंत्र में लोक की भूमिका महज वोट देने तक ही सीमित है। इस तंत्र में नौकरशाही की जवाबदेही राजनीति के हर अच्छे-बुरे कामों में साथ देने और कई बार उसका कहार बनने तक सीमित रह गई है। सरदार पटेल जब इस तंत्र को स्टील फ्रेम कह रहे थे, तो उनका आशय यह था कि भावी नौकरशाही आम लोगों की भलाई और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। पटेल को उम्मीद रही होगी कि नौकरशाह लोक के प्रति जब जवाबदेह होंगे, तब ऐश्वर्य पर उनकी निगाह कम होगी। लेकिन इसके ठीक उलट हो रहा है। नौकरशाही के बड़े हिस्से को अपनी मूल भूमिका की चिंता नहीं सताती। उसकी पूरी कोशिश खुद और खुद के कैडर को मजूबत करने और ज्यादा सुविधाएं जुटाने पर केंद्रित रहती है। ज्यादातर नौकरशाहों के लिए आमजन ठीक वैसी ही प्रजा हैं, जिस तरह अंग्रेजों के थे। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव का व्यवहार इसी सोच का उदाहरण है। जब कोई आईएएस किसी फरियादी की बात सुनने के लिए जमीन पर बैठ जाता है, या ऐसा ही सामान्य कदम उठाता है तो वह घटना खबर बन जाती है। इसकी वजह यही है कि अफसरों से ऐसे व्यवहार की उम्मीद ही नहीं होती। जनमानस की सोच ऐसी है तो यह मान लेना चाहिए कि पटेल की सोच के मुताबिक नौकरशाही विकसित नहीं हुई, बल्कि एचवी कामथ जैसे लोगों की आशंका ही सही साबित हुई है। नौकरशाही में जब भी किसी का चयन होता है, उसके पड़ोसी और रिश्तेदार तक मान लेते हैं कि कुछ ही दिनों में उसकी कई पुश्तों का इंतजाम हो जाएगा। ज्यादातर ऐसा होता भी है। मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों ने लोकपाल की व्यवस्था कर रखी है। वहां आए दिन जिस तरह अधिकारियों के घरों से नोटों की गड्डियां निकलती हैं, उनकी संपत्ति के ब्यौरे सामने आते हैं, उससे पता चलता है कि अफसर बनना जमींदारी हासिल करने से भी ज्यादा फायदेमंद है। ऐसे अफसरों पर कड़ी कार्रवाइयां नजीर बननी चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं दिखता। अफसरशाही का बड़ा हिस्सा अब भी तंत्र के दोहन की प्रक्रिया में शिद्दत से शामिल है। हाल ही में बिहार के एक सब डिविजनल पुलिस अफसर के बारे में समाचार आया कि उनकी नौकरानी भी थार से चलती है। ऐसा नहीं कि नौकरशाही में ईमानदार लोग नहीं हैं। अशोक खेमका और संजीव चतुर्वेदी इसके उदाहरण हैं। लेकिन उन्हें ना तो नौकरशाही चैन से बैठने देती है और ना ही राजनीतिक आका। नौकरशाही को तटस्थ और ईमानदार बनाए रखने के लिए पचासों कमेटियां बन चुकी हैं, दो प्रशासनिक सुधार आयोग बन चुके हैं। पहले आयोग के अध्यक्ष तत्कालीन वित्त मंत्री मोरारजी देसाई थे तो दूसरे के कांग्रेसी नेता वीरप्पा मोइली। जान लेना चाहिए कि स्वाधीनता संग्राम में कूदने से पहले मोरार जी भी सिविल सेवा के अधिकारी थे। दोनों आयोगों ने कई सुझाव दिए, कुछ लागू भी हुए। लेकिन असल में नौकरशाही का चरित्र नहीं बदल पाया। वह लोकतांत्रिक नहीं हो पाई। आपातकाल के दिनों में जयप्रकाश नारायण ने नौकरशाही और पुलिस अफसरों से अपील की थी कि सरकार के असंवैधानिक आदेशों को वे न मानें। तब जेपी को अराजकतावादी कहा गया।

## आलेख

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम क्या देश की राजनीत तय करेंगे

**अजय दीक्षित**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के जो भी परिणाम आएंगे वे देश के 2029 लोकसभा चुनाव की दिशा ब दशा तय करेंगे। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम चार मई को आयेंगे। इन चुनावों में मुख्य मुकाबला ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तुड़मूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच है हालांकि लेफ्ट और कांग्रेस भी मैदान में है। ममता बनर्जी की तुड़मूल कांग्रेस 2011से सत्ता में है जबकि भारतीय जनता पार्टी 2021 के विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी वोट लाकर 294 सदस्यीय विधानसभा में 77 सीट जीती थी। लेकिन ममता बनर्जी की तुड़मूल कांग्रेस ने 48 फीसदी वोट ले कर 213 सीट जीती थी। भारतीय जनता पार्टी का सपना रहा है कि वह अंग,बंग, और कलिंग में सरकार बनाए। उसके अंग (बिहार) कलिंग (ओडिशा) में सरकार बन गई है और अब बंग (बंगाल) की बारी है । जनसंघ यानि आज की भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंगाल के ही थे। स्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि बंगाल जितने का सपना एक दिन पूरा होगा । लालकृष्ण आडवाणी, सुंदर सिंह भंडारी, दीन दयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेई , कृष्णलाल शर्मा ने एक सेमिनार में कहा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चाहता है कि पश्चिमी बंगाल में सरकार बनाए। भारतीय जनता पार्टी का सपना है कि वह पैन इंडिया पार्टी बने जिसका समूचे देश में सत्ता हो । ऐसा लगता है कि भाजपा ने,80 फीसदी लक्ष पूरा कर लिया है।आज उसकी संपूर्ण हिंदी भाषा के राज्यों , पूर्वोत्तर राज्यों, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा,में सरकार है।जबकि दक्षिण भारत में कर्नाटक में सरकार रह चुकी है।केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, राज्य शेष है। तेलंगाना में विरोधी दल है। अगर भारतीय जनता पार्टी बंगाल विधानसभा चुनाव में बहुमत लाती है तो वह 2029 के लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर आसानी बहुमत प्राप्त कर लेगी । क्योंकि अभी 240 जीत गई थी क्योंकि महाराष्ट्र,उत्तर, प्रदेश,बंगाल लगभग 100 सीट बढ़ा लेगी जो अकड़ा 340 सीट का होगा इसमें जेडीयू,शिवसेना, एनसीपी,का योग अलग होगा ।, उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तराखंड, असम, त्रिपुरा, नागालैंड, मणिपुर, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश,में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। दूसरा सवाल यह है कि अगर तुड़मूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीतती है तो ममता बनर्जी राष्ट्रीय क्षितिज पर भारतीय राजनीत में 2029 लोकसभा चुनाव में विपक्ष को एक जुट कर अपने नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को चुनौती पेश कर सकती है।इस घटना क्रम के बाद समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, लेफ्ट पार्टियों, बीजेडी, डीएमके, नेशनल कॉन्फ्रेंस,आप, ममता बनर्जी को नेता घोषित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को चुनौती पेश कर सकती है।यद्यपि कांग्रेस भी चाहेगी ये सभी पार्टियों उनके झंडे तले चुनाव लड़े और चुनाव तक ममता बनर्जी को भी इस इंडी गठबंधन में लिया जाय लेकिन कांग्रेस प्रधानमंत्री पद से कम पर तैयार नहीं होगी। पाश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी ने ममता बनर्जी को कई मुद्दों पर घेरा है।यहां तक कि राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गुंडों की संज्ञा दी जो जनता से अवैध उगाही,कट मनी मांगते हैं। ममता बनर्जी पर उन्होंने मुस्लिम ध्रुवीकरण का आरोप भी लगाया। विपक्ष की एकता का रास्ता उत्तर प्रदेश, बिहार,से निकलेगा क्योंकि सपा नेता अखिलेश यादव, राजेडी के तेजस्वी यादव बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर उत्सुक हैं और ममता बनर्जी का साथ दे रहे हैं। बीजेडी के नेता नवीन पटनायक, दक्षिण में एम के स्टालिन,भी ममता बनर्जी के साथ है। इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में सपा, कांग्रेस साथ मिलकर चुनाव मैदान में आ सकते हैं। दूसरी ओर बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी ने तो उत्तर प्रदेश की तैयारी भी शुरू करदी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस से बिगुल फूंकना चाहते हैं

# ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट राष्ट्रहित में है


**नीरज कुमार दुबे**

ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर छिड़ी बहस के बीच, इसे हिंद महासागर में चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का मुकाबला करने और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि मलक्का जलडमरूमध्य पर भारत की यह सामरिक बढ़त देश के आर्थिक और रणनीतिक भविष्य के लिए एक निर्णायक कदम है।अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ग्रेट निकोबार द्वीप पर प्रस्तावित विकास परियोजना को लेकर देश में तीखी बहस छिड़ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस परियोजना को देश की प्राकृतिक और जनजातीय विरासत के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध और घोटाला बताया है। उन्होंने अपने दौरे के बाद कहा कि यहां के घने जंगल, जो सदियों में विकसित हुए हैं, अब बड़े पैमाने पर काटे जाने के खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 160 वर्ग किलोमीटर वर्षावन क्षेत्र को समाप्त किया जाएगा और लाखों पेड़ों की कटाई होगी, जिससे स्थानीय आदिवासी समुदायों का अस्तित्व भी संकट में पड़ सकता है। राहुल गांधी ने इसे विकास के नाम पर विनाश बताया और कहा कि वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे। उनका आरोप है कि स्थानीय समुदायों की सहमति के बिना उनकी जमीन और संसाधनों को छीना जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि कांग्रेस की ओर से पहले भी इस परियोजना को लेकर चिंता जताई गई थी, जिसमें इसे शोंपेन जनजाति और द्वीप के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बताया गया। सोनिया गांधी ने इस मुद्दे को उठाते हुए समाचार-पत्रों में एक विस्तृत लेख लिखा था। दूसरी ओर, इस परियोजना को देश की सामरिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नीति आयोग द्वारा तैयार और केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत इस योजना की लागत लगभग 81000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसमें चार प्रमुख घटक शामिल हैं, जिनमें एक विशाल ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, ऊर्जा संयंत्र और सैन्य ढांचे का विस्तार शामिल है। हम आपको बता दें कि ग्रेट निकोबार की भौगोलिक स्थिति इसे विशेष बनाती है। यह मलक्का जलडमरूमध्य के प्रवेश द्वार के पास स्थित है, जो दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक है। चीन का लगभग 80 प्रतिशत तेल आयात और उसका बड़ा व्यापार इसी मार्ग से गुजरता है। ऐसे में इस क्षेत्र में भारत की मजबूत उपस्थिति उसे सामरिक बढ़त दिला सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि



गैलेथिया खाड़ी में बनने वाला बंदरगाह भारत को वैश्विक समुद्री व्यापार में नई पहचान दिला सकता है। हम आपको बता दें कि वर्तमान में भारत का लगभग 25 प्रतिशत माल विदेशी बंदरगाहों के माध्यम से स्थानांतरित होता है, जिससे आर्थिक नुकसान होता है। इस परियोजना के पूरा होने पर भारत इस निर्भरता को समाप्त कर सकता है और अपनी समुद्री शक्ति को मजबूत कर सकता है।चीन की रणनीति को देखते हुए यह परियोजना और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। पिछले दो दशकों में चीन ने हिंद महासागर क्षेत्र में कई बंदरगाह विकसित किए हैं, जिन्हें सामूहिक रूप से स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स कहा जाता है। इनमें पाकिस्तान का ग्वादर, श्रीलंका का हम्बनटोटा और म्यांमार का क्याउकफ्यू शामिल हैं। इनका उद्देश्य समुद्री मार्गों पर प्रभाव बढ़ाना और भारत को घेरना है। इसके जवाब में भारत ने भी अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर समुद्री रणनीति विकसित की है, जिसे नेकलेस ऑफ डायमंड्स कहा जाता है। इसमें ओमान, इंडोनेशिया और सेशेल्स जैसे देशों में बंदरगाहों तक पहुंच और सैन्य सहयोग शामिल है। ग्रेट निकोबार इस रणनीति का केंद्र बिंदु माना जा रहा है। इसके अलावा, हाल के अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम भी इस परियोजना के महत्व को रेखांकित करते हैं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के उपयोग से वैश्विक तेल आपूर्ति पर प्रभाव डालने की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि समुद्री मार्गों पर नियंत्रण किसी भी देश के लिए कितना शक्तिशाली साधन हो सकता है। इस स्थिति में यदि भारत मलक्का जलडमरूमध्य के पास अपनी स्थिति मजबूत करता है, तो यह उसे वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम बना सकता है। मोदी सरकार का कहना है कि परियोजना को पर्यावरणीय और सामाजिक सुरक्षा मानकों के तहत स्वीकृति दी गई है। शोंपेन जनजाति की सुरक्षा के लिए विशेष नीतियां, निगरानी तंत्र और अन्य उपाय लागू किए गए हैं। सरकार के अनुसार परियोजना द्वीप के कुल क्षेत्रफल के सीमित हिस्से पर ही आधारित है और विकास तथा संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया गया है। हम आपको यह भी बता दें कि इस परियोजना का विरोध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हो रहा है। कुछ विदेशी संगठनों ने इसे जनजातीय अस्तित्व के लिए खतरा बताया है। लेकिन इस परियोजना के रणनीतिक महत्व को देखते हुए यह साफ नजर आ रहा है कि चीन के समर्थक कभी नहीं चाहेंगे कि भारत की यह परियोजना साकार रूप ले सके। उधर, रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है और इस पर आगे बढ़ने का समय आ गया है। पूर्व वायुसेना प्रमुख आर.के.एस. भदौरिया ने विभिन्न साक्षात्कारों और समाचारपत्रों में अपने आलेखों के जरिये इस परियोजना की महत्ता पर प्रकाश डाला है।

## परतापुर की धरती पर अंतर्मना जनमंगल महोत्सव का भव्य आयोजन 7 को




# हर मास एक उपवास- महाभियान की जाग्रति 12 करोड लोगों तक पहुंची

**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** अंतर्मना धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास तथा पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से संयुक्त तत्वाधान में तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर जी महाराज व जैनाचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज के आशीर्वाद से दिगम्बर जैन संत अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज की दीक्षा स्थली परतापुर (बांसवाड़ा) में अंतर्मना की आराधना, श्रद्धा और साधना के साथ दिव्य कार्यक्रम हरमास एक उपवास व जनमंगल महोत्सव मंत्र स्नान मंत्र अनुष्ठान जल यज्ञ का आयोजन 7 मई को सुबह 6.30 से 9.30 बजे तक सुभाषचंद बोस स्टेडियम, परतापुर (बांसवाड़ा, राज.) में आयोजित होगा। यह गर्व और हर्ष का विषय है कि धर्मनगरी परतापुर की पावन भूमि पर वीक्षित महामुनि आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज द्वारा आहूत हर मास, एक उपवास हर 7 तारीख को (Fasting once a month, every lth)... महाभियान की जाग्रति 12 करोड लोगों तक पहुंच चुकी है। वही योग गुरु संपूर्ण विश्व में योग से मानव को स्वस्थ जीवन प्रदान कर रहे है । यह दोनों संतों के जीवन में वरदान स्वरूप सुफल प्रदान कर रही है। प्रवक्ता नरेंद्र अजमेरा पीयूष कासलीवाल रोमिल पाटणी सोनकच्छ ने बताया कि परतापुर राजस्थान में होने वाले हर मास, एक उपवास आयोजन में सामूहिक उपवास एवं भजन क्लबिंग के साथ एक विशेष हीलिंग सेशन होगा जिसका संचालन प्रियंका शाह दीदी कल्पवृक्ष हीलिंग फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा । वही 108 उपवास ज्योति से मंगल आरती ,जनमंगलकामना अनुष्ठान भजन से भक्तिमय वातावरण का अनोखा नजारा देखने को मिलेगा। कार्यक्रम संयोजक एस. के. तिजारावाला (हरिद्वार) प्रवक्ता, स्वामी रामदेव जी महाराज , नीरज जैन पूर्व डिप्टी मेयर, अजमेर वसंत सेठी समाजसेवी, अजमेर, प्रो. (डा.) नलिन के. शास्त्री विख्यात शिक्षाविद् एवं लेखक प्रदीप जैन (तिजारावाले) उद्योगपति एवं भामाशाह, कानपुर आकाश जैन सोनकच्छ समन्वयक, अंतर्मना न्यास समिति ) वही परतापुर उपवास समिति के चन्दन कोरायत, विपिन दोषी, हर्षवर्धन शाह खुशपालजी पचोरी (सेठ साहब चिराग दोसी, विनेश पथोरी, जयेश दोसी,कर्णाराम जी चौधरी निखिल कोराबत आदि ने आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

# ज्ञानभारतम मिशन के तहत् किया जा रहा है प्राचीन अभिलेखों का सर्वेक्षण

- कलेक्टर ने किया सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा




**आरंग ( विश्व परिवार )।** समृद्ध ज्ञान परम्परा एवं बौद्धिक विकास के साक्ष्य प्राचीन पाण्डुलिपियों, ताड़पत्रों एवं हस्तलिखित पोथियों को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित एवं सुरक्षित करने के उद्देश्य से संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ज्ञानभारतम् मिशन प्रारम्भ किया गया है। जिसके तहत प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपि पोथियों, अभिलेखो, ताड़पत्रों व ताम्रपत्रों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण टीम प्राचीन मंदिरों, इतिहास में रूचि रखने वालों , बुजुर्गो, संकलन कर्ताओं के पास पहुंचकर 75 वर्ष से अधिक प्राचीन, हस्तलिखित ताड़पत्रों, ताम्रपत्रों पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कर रहे हैं।

जिसमें प्राप्त अभिलेखो को डिजिटल वर्जन को ज्ञानभारत ऐप में अपलोड किया जाएगा। वहीं मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने वर्चुअल बैठक लेकर पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा किया। जिसमें आरंग एसडीएम अभिलाषा पैंकरा, सीईओ अभिषेक बनर्जी,तहसीलदार ज्योति मसियारे ,सीएमओ शीतल चंद्रवंशी,बीईओ दिनेश शर्मा,बीएमओ डॉ विजय लक्ष्मी अनंत ,नायब तहसीलदार गजानन सिदार, सहित सर्वेक्षण टीम से नोडल अधिकारी अजय सिंह ध्रुव,शिक्षक गण महेन्द्र पटेल,अरविंद वैष्णव, मन्नू टोंड्रे,तानसिंग ध्रुव समीक्षा बैठक में शामिल हुए। वहीं सर्वेक्षण टीम आरंग के मंदिरो में पहुंचकर हस्तलिखित पांडुलिपियों का सर्वेक्षण किया।

# भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई नगर ( विश्व परिवार )।** नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन-3, मदर टेरेसा नगर (वार्ड क्रमांक 35) के अंतर्गत आने वाले शारदा पारा की कुष्ठ बस्ती एवं भैरव बस्ती में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। वर्तमान में बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक शिक्षा प्रदान की गई।



क्षेत्र के निवासियों को लू के लक्षणों, जैसे—अत्यधिक प्यास लगना, सिरदर्द, चक्कर आना और कमजोरी—के बारे में विस्तार से बताया गया। लोगों को सलाह दी गई कि वे दोपहर के समय अनावश्यक बाहर न निकलें, सूती और हल्के रंग के कपड़े पहनें, और शरीर में पानी की कमी न होने दें द्य ओ.आर.एस. घोल और घरेलू पेय पदार्थों के महत्व को समझाया गया। जागरूकता के उद्देश्य से विशेष रूप से तैयार किए गए, साथ ही पाम्पलेट्स का वितरण किया गया, जिसमें क्या करें और क्या न करें की सचित्र जानकारी दी गई है। बस्तियों के निवासियों ने उत्साहपूर्वक इस सत्र में भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने का संकल्प लिया। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भीषण गर्मी के इस मौसम में समाज के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति तक बचाव की जानकारी पहुँचे और किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ली समय-सीमा बैठक, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि फौती नामांतरण के प्रकरणों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसमें अनावश्यक विलंब करने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एग्रीस्टेक से जुड़े कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने को कहा और इसमें किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। खाद्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन का वितरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित हो, ताकि



हितग्राहियों को असुविधा न हो। जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। आबकारी विभाग को राजसात किए गए वाहनों की शीघ्र नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को 'प्रोजेक्ट वंदन' के अंतर्गत हितग्राहियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही निर्देश दिए कि प्रत्येक माह की 30 तारीख को सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण 10 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रॉपर्टी एक्सपो का आयोजन आज

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय 6 मई, 2026 को होटल मयूरा, राज टॉकीज केपास, जीई रोड, रायपुर में एक प्रॉपर्टी एक्सपो का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम में रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विभिन्न शाखाओं की कुल 20 संपत्तियों की नीलामी की जाएगी और इन संपत्तियों के बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस एक्सपो का उद्देश्य विभिन्न श्रेणियों की संपत्तियों को सरफेशी अधिनियम-2002 के तहत संभावित खरीदारों को बेचना है। इस एक्सपो में उपलब्ध संपत्तियों की विविधता को देखते हुए, बड़ी संख्या में इच्छुक खरीदारों के आने की उम्मीद है। एक्सपो में भाग लेने या अधिक जानकारी प्राप्त करने के इच्छुक लोग वरिष्ठ प्रबंधक - रिकवरी, श्री बी.पी. साहू से मोबाइल नंबर 82107 98856 पर संपर्क कर सकते हैं।

# उज्बेकिस्तान के बुखारा और समरकंद के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल 7 और 8 मई को कृषि विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय वैश्विक कृषि शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार एवं तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर निरंतर अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर रहा है। कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विश्व के अनेक अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण एवं अनुसंधानों के साथ शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आपसी सहयोग हेतु पहल की गई है तथा कृषि विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, उद्यमिता एवं नवाचार को वैश्विक साझेदारियों से जोड़ने के सतत प्रयास किये जा रहे हैं। इसी परिपेक्ष में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा उज्बेकिस्तान के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों के साथ शिक्षा, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विनीमय एवं नवाचार के क्षेत्र में द्विपक्षी अनुरोध हेतु अनुबंध किए

**कृषि शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आपसी सहयोग की संभावनाएं तलाशेंगे**

गए हैं। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के नेतृत्व में कृषि विश्वविद्यालय के उच्चस्तरीय शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल ने फरवरी-मार्च 2026 के दौरान उजबेकिस्तान के तरमेज़, डेनाऊ, ताशकंद, बुखारा एवं समरकंद स्थित प्रमुख विश्वविद्यालयों, कृषि संस्थानों एवं अनुसंधान केंद्रों का दौरा किया था। इस शैक्षणिक यात्रा ने संयुक्त अनुसंधान, कृषि नवाचार, जैव प्रौद्योगिकी, औषधीय एवं सुगंधित पौधों, स्टार्टअप तथा उद्यमिता विकास जैसे विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की मजबूत आधारशिला रखी। यह यात्रा भारत एवं उज्बेकिस्तान के मध्य शैक्षणिक एवं तकनीकी सहयोग को संस्थागत रूप प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई। विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के साथ हस्ताक्षरित अनेक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के माध्यम से छात्र एवं संकाय विनिमय, संयुक्त अनुसंधान सहयोग, क्षमता निर्माण, एग्री-उद्यमिता सहयोग तथा दीर्घकालिक संस्थागत साझेदारी के नए अवसर विकसित हुए। इसी ऐतिहासिक शैक्षणिक संवाद को आगे बढ़ाते हुए उज्बेकिस्तान से 8 सदस्यीय उच्चस्तरीय शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल 6 से 8 मई 2026 तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर का दौरा करेगा।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत सनातन की जीत : सांसद बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है , उन्होंने इसे देश की राजनीति के लिए एक निर्णायक मोड़ बताया। श्री बृजमोहन ने कहा कि, यह विजय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी के मार्गदर्शन और गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की कुशल रणनीति का परिणाम है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बंगाल के परिणामों पर खुशी जताते हुए कहा कि, ये जीत सिर्फ बंगाल की जीत नहीं है, ये पूरे देश की जीत है, ये सनातन की जीत है और घुसपैठ के विरोध की जीत है। उन्होंने कहा



कि यह जीत बंगाल में व्याप्त अनार्की (अराजकता) और कानून-व्यवस्था के समाप्त होने के विरुद्ध जनता का जनादेश है। पिछले 15-20 सालों से बंगाल का विकास रुक गया था और जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर थी, जिससे अब उन्हें मुक्ति मिली है।

इस अवसर पर श्री बृजमोहन ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को करते हुए कहा कि, आज पश्चिम बंगाल की धरती पर भाजपा की यह प्रचंड विजय केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि उस विचार, उस संकल्प और उस बलिदान की गूंज है, जिसकी नींव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने रखी थी। यह जीत उन सपनों की जीत है, जो उन्होंने एक अखंड, सशक्त और आत्मसम्मान से भरे भारत के लिए देखे थे। यह जीत उस राष्ट्रवाद की जीत है, जिसके लिए उन्होंने हर संघर्ष को स्वीकार किया और अंततः अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी तपस्या, त्याग और बलिदान आज हर कार्यकर्ता की प्रेरणा बनकर खड़ा है। यह जनादेश उस संकल्प का प्रमाण है कि भारत की आत्मा को कोई दबा नहीं सकता, और राष्ट्रहित की आवाज हमेशा बुलंद होती है।

# जिला स्तरीय समाधान शिविर में 5 लाख तक निःशुल्क इलाज की मिली गारंटी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब सीधे आम नागरिकों तक पहुंच रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 'प्रधानमंत्री वय वंदन योजना' सुरक्षा कवच साबित हो रही है। आरंग विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छटेरा में 'सुशासन तिहार 2026' के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर ने ग्राम छटेरा निवासी श्री रुप राम चक्रधारी के लिए राहत की नई किरण जगाई। श्री चक्रधारी ने शिविर में प्रधानमंत्री वय वंदन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही उनका आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें सौंप दिया। हितग्राही श्री रुप राम चक्रधारी ने कहा कि अब बीमार होने पर मुझे इलाज के खर्च की चिंता नहीं रहेगी। सरकार के इस आयुष्मान कार्ड से मेरा इलाज निःशुल्क हो सकेगा। यह योजना हम जैसे गरीबों के लिए वरदान है। इसके लिए मैं छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देती हूँ। प्रति परिवार प्रति वर्ष ?5 लाख तक का कैशलेस एवं निःशुल्क इलाज। परिवार के सदस्यों की संख्या पर कोई सीमा नहीं। सरकारी एवं सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में कैशलेस और पेपरलेस इलाज। कैंसर, हृदय रोग, गुर्दे की बीमारी सहित अनेक गंभीर बीमारियों का उपचार शामिल। आयुष्मान कार्ड कैसे बनवाएं- PMJAY पोर्टल या 'Ayushman App' के माध्यम से।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे बीजापुर से राजमिस्त्री बने रमेश पासपुल, आत्मनिर्भरता की मिसाल

- टूटी-फूटी झोपड़ी से पक्के घर तक का सपना खुद किया साकार*

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जनपद पंचायत बीजापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत संतोषपुर, जो कभी लंबे समय तक नक्सल प्रभाव से प्रभावित रहा, आज बदलाव और विकास की नई पहचान बनता जा रहा है। ''नियद नेल्लनार योजना'' के शुरू होने के बाद गांव में बुनियादी सुविधाओं और रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस बदलाव की कहानी के केंद्र हैं संतोषपुर निवासी श्री रमेश पासपुल। कभी स्थायी रोजगार के अभाव में आर्थिक तंगी से जूझ रहे रमेश का जीवन आज पूरी तरह बदल चुका है। परिवार की जिम्मेदारियों के बीच आय का कोई निश्चित साधन न होने से उनका भविष्य अनिश्चित नजर आता था।



परिस्थितियां तब बदलीं जब ''नियद नेल्लनार योजना'' के तहत उन्हें राजमिस्त्री (मेसन) का प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की बारीकियों, तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल में दक्षता हासिल की। यह प्रशिक्षण उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ।

प्रशिक्षण के बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 में रमेश को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की स्वीकृति मिली। पहली किश्त प्राप्त होते ही उन्होंने अपने घर का निर्माण स्वयं शुरू किया और निर्धारित समय-सीमा में इसे पूरा कर लिया। उनके कार्य की गुणवत्ता देखकर गांव के अन्य हितग्राहियों ने भी अपने-अपने आवास निर्माण के लिए उन्हें बुलाने लगे, जिससे उनके लिए नियमित आय का साधन तैयार हो गया।

आज रमेश पासपुल एक कुशल राजमिस्त्री के रूप में गांव में पहचान बना चुके हैं। वे न केवल आत्मनिर्भर बने, बल्कि अन्य ग्रामीणों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन गए हैं। उनकी बढ़ती मांग ने उनके जीवन में स्थिरता और खुशहाली ला दी है।

रमेश की यह प्रेरक यात्रा इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा में मिला प्रशिक्षण और अवसर किसी भी व्यक्ति के जीवन को नई दिशा दे सकता है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र से निकलकर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ना आसान नहीं था। लेकिन उन्होंने अपने परिश्रम और शासन की योजनाओं के सहयोग से इसे संभव कर दिखाया। यह कहानी केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन की सशक्त मिसाल है।

# छत्तीसगढ़ के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सड़क पर, रायगढ़ में निकाली विशाल रैली

**रायगढ़ ( विश्व परिवार )।** नियमितीकरण व स्थाईकरण सहित 10 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश भर के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने शुक्रवार को रायगढ़ जिला मुख्यालय पहुंच कर धरना प्रदर्शन करते हुए रैली निकाल कर वित्त मंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

दरअसल छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले प्रदेश भर से जुटे कर्मचारी वित्त मंत्री ओपी चौधरी के रायगढ़ स्थित कार्यालय का घेराव करने पंहुचे थे परन्तु जिला प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने पर शहर में रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपे।



कर्मचारी संघ का कहना था कि विधानसभा चुनाव के पूर्व उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने फेडरेशन के मंच में आकर घोषणा की थी कि यदि भाजपा की सरकार बनती है तो दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण व स्थाईकरण किया जायेगा। जन घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में 100 दिनों के भीतर इस कार्य को करने का वादा किया गया था लेकिन 800 दिन बीत गये अब तक कुछ नहीं हो पाया है। सरकार की कार्यशैली से नाराज मजदूर एक मई मजदूर दिवस पर आंदोलन करने के लिए मजबूर हुए हैं। श्रमिकों का कहना है कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी है जिन्हे बजट में नियमितीकरण का प्रस्ताव रखना है लेकिन वे मजदूरों की मांग को दरकिनार कर दिये हैं यही वजह है कि वित्त मंत्री के विधान सभा स्थित कार्यालय का घेराव करने सभी श्रमिक रायगढ़ पंहुचे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत गए ग्रामीण पर तेंदुए का हमला,बाल-बाल बची जान – क्षेत्र में दहशत,वन विभाग पर उठे सवाल



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** पाण्डुका वन परिक्षेत्र अंतर्गत तिलईदादर बीट से एक चिंताजनक घटना सामने आई है,जहां जंगल से लगे खेत में काम करने गए एक ग्रामीण पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। इस हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया,हालांकि उसने साहस और सूझबूझ से किसी तरह अपनी जान बचाने में सफलता पाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गिधनी निवासी तुलसी राम ठाकुर सुबह अपने खेत की ओर गए हुए थे ।खेत के पास ही घना जंगल और पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण वहां जंगली जानवरों की आवाजाही बनी रहती है ।इसी दौरान अचानक झाड़ियों से निकलकर एक तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया ।हमले में उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं ।घायल अवस्था में तुलसी राम ठाकुर ने किसी तरह खुद को बचाया और तत्काल अपने परिजनों को सूचना दी। परिजनों द्वारा उन्हें तुरंत छुरा उपस्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बन गया है ।ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में आए दिन जंगली जानवरों की गतिविधियां बढ़ गई हैं,जिससे उनकी जान-माल को खतरा बना हुआ है ।खासकर वर्तमान में तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य चल रहा है,जिसके चलते बड़ी संख्या में ग्रामीण रोजाना जंगल की ओर जाते हैं, ऐसे में इस तरह की घटनाएं चिंता का विषय बन गई हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं की गई, तो ऐसे हमले और बढ़ सकते हैं। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और जंगली जानवरों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल ग्रामीण से मुलाकात कर हालात का जायजा लिया ।विभाग द्वारा तत्काल सहायता राशि के रूप में 1000 रुपये प्रदान किए गए। साथ ही ग्रामीणों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे अकेले जंगल की ओर न जाएं और सतर्कता बरतें ।फिलहाल स्थिति को देखते हुए गांव में भय का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अब देखना होगा कि वन विभाग इस गंभीर समस्या को लेकर कितनी तत्परता से कदम उठाता है,ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भव्य विजय उत्सव, तिरंगा चौक पर जश्न

### बंगाली व्यंजनों के साथ कार्यकर्ताओं ने मनाई ऐतिहासिक जीत; नेताओं ने इसे जनविश्वास और संगठन की मेहनत का परिणाम बताया

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय स्थित तिरंगा चौक पर भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और नारों के साथ जीत का जश्न मनाया गया।




कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध व्यंजन झालमुड़ी एवं रसगुल्ला खिलाकर बधाई दी। झालमुड़ी की विशेष व्यवस्था के कारण कार्यक्रम स्थल पर पश्चिम बंगाल की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक जीत का आनंद लेते नजर आए।

जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि यह विजय जनता के अटूट विश्वास, पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा जनसेवा के प्रति समर्पित रही है और आगे भी सरकार द्वारा किए गए सभी वादों को प्राथमिकता के साथ प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता, संगठन के प्रति निष्ठा और निरंतर परिश्रम ने यह ऐतिहासिक सफलता दिलाई है। उन्होंने बताया कि पार्टी की विकासोन्मुखी सोच और पारदर्शी कार्यशैली पर जनता ने विश्वास जताया है, जो संगठन के लिए गर्व का विषय है। साथ ही उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में जंगल राज का अंत हुआ है, जिसका सकारात्मक परिणाम इस विजय के रूप में सामने आया है।

जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा ने कहा कि यह जीत पार्टी की सशक्त रणनीति, नेतृत्व की दूरदर्शिता और कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह विजय आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, उमंग और जीत की खुशी का माहौल बना रहा।

## शहरों के आवारा कुत्तों का जंगल में आतंक, गरियाबंद के वन्यजीवों पर संकट, कुत्तों के हमले से हिरण की मौत



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिले के जंगल अब सुरक्षित नहीं रहे,बड़े शहरों से लावारिस कुत्तों को पकड़कर गरियाबंद के जंगलों में छोड़े जाने की खबरों ने वन्यजीवों के लिए नई आफत खड़ी कर दी है ।हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अब ये कुत्ते झुंड बनाकर जंगली जानवरों का शिकार कर रहे हैं।

तौरेंगा क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है,जहां आवारा कुत्तों के झुंड ने एक हिरण पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों के मुताबिक,कुत्तों का झुंड हिरण को काफी दूर तक दौड़ाता रहा और अंततः उसे नोच डाला ।इस घटना ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं ।जानकारी के मुताबिक, कुत्तों के झुंड ने जंगल से भटककर आए इस हिरण को दौड़ा लिया और बुरी तरह नोच डाला,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल हिरण को उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सबसे हैरानी की बात यह है कि घटनास्थल के पास ही जांच नाका मौजूद था, इसके बावजूद समय पर पर्याप्त मदद नहीं मिल पाई।

अब बड़ा सवाल-क्या समय रहते उचित कार्रवाई होती तो बच सकती थी इस बेबस हिरण की जान ?

इस घटना के बाद वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं ।फिलहाल मामले को लेकर जांच की मांग तेज हो गई है।

**उदंती मुख्यमार्ग में युवाओं की बहादुरी,,,,,,,,,,** वहीं दूसरी ओर उदंती मुख्य मार्ग में भी कुत्तों का आतंक देखने को मिला,जहां एक और हिरण पर कुत्तों ने हमला कर दिया ।लेकिन इस बार मौके पर मौजूद कुछ युवाओं ने साहस दिखाते हुए कुत्तों को खदेड़ दिया और हिरण की जान बचा ली। घायल हिरण को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

**वन्यजीवों के लिए बढ़ता खतरा,,,,,,,** मानना है कि शहरों से लाकर जंगलों में छोड़े जा रहे ये कुत्ते अब प्राकृतिक संतुलन बिगाड़ रहे हैं। ये न केवल हिरण बल्कि अन्य छोटे वन्यजीवों के लिए भी बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि आखिर शहरों के आवारा कुत्तों को जंगलों में छोड़ने की अनुमति कौन दे रहा है ।अगर समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई,तो आने वाले दिनों में वन्यजीवों की संख्या पर गंभीर असर पड़ सकता है।

ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और जंगलों में छोड़े गए कुत्तों को तत्काल हटाया जाए, ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके ।अब सवाल यही है कि क्या जंगल भी जंगली जानवरो के लिए सुरक्षित नहीं ?

## नगर के बीचोबीच सड़क नीचे,हल्की बारिश में ही बन जाता है नाला – गंदगी और बदबू से लोग बेहाल

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** नगर के प्रमुख मार्ग पर सड़क नीचे हो जाने के कारण हल्की बारिश में ही हालात बदतर हो जाते हैं ।सड़क पर पानी भरकर नाले का रूप ले लेता है,जिससे आसपास रहने वाले लोगों को गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ रहा है।

नगर के बीचोबीच स्थित इस सड़क की हालत लंबे समय से बदहाल बनी हुई है ।सड़क का स्तर नीचे होने से आसपास की जमीन और नालियों से नीचे हो गया है,जिसके चलते थोड़ी सी बारिश में ही पानी जमा हो जाता है ।यह जमा पानी न केवल आवागमन में बाधा बनता है,बल्कि कुछ ही घंटों में गंदा और बदबूदार भी हो जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस समस्या की शिकायत संबंधित विभाग और नगर पालिका से की जा चुकी है,लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है ।बारिश के दिनों में यह समस्या और विकराल रूप ले लेती है,जिससे राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है,जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। वहीं,बदबू के कारण आसपास के घरों और दुकानों में रहना मुश्किल हो गया है।



लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होना नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है ।स्थानीय नागरिकों ने जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत और जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है,ताकि इस समस्या से निजात मिल सके ।यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया,तो आने वाले मानसून में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं ।अब देखना होगा कि प्रशासन कब तक इस ओर ध्यान देता है और लोगों को राहत दिलाता है।


कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
मोहला–मानपुर–अं.चौकी(छ.ग.)

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 गौरव उत्सव स्वर्णिम संकल्प

E-mail - eemohla-phe@cg.gov.in

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

इस कार्यालय द्वारा आंमत्रित निविदा, निविदा सूचना/दिनांक /सिस्टम क्रमांक 01/06-04-2026/188528, 02/06-04-2026/188529, 03/06-04-2026/188530, 05/06-04-2026/188532, 06/06-04-2026/188533, 07/06-04-2026/188534 (जी कंमाक 262700086) में किसी भी निविदाकार द्वारा भाग नही लेने से निविदाओं के शुन्य निविदा होने तथा 08/06-04-2026/188535 (जी कंमाक 262700086) एकल निविदा होने के कारण निरस्त किया जाता है।

Mahesh Sahu

G-262700517/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
मोहला–मानपुर–अं.चौकी(छ.ग.)


## जनसमस्या निवारण शिविर में प्रकरणों का किया गया तत्काल निराकरण

### सुशासन तिहार 2026 के तहत आज छुरा के पाटसिवनी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

### ग्रामीणजन सुशासन तिहार के महत्व को समझेः विधायक श्री साहू




**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत गांव-गांव, द्वार-द्वार अभियान के तहत आज छुरा विकासखण्ड के ग्राम पाटसिवनी स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के 15 गांवों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और विभिन्न विभागों के समक्ष अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रस्तुत कीं।

जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। स्टॉलों का अवलोकन राजिम विधायक श्री रोहित साहू,जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, कलेक्टर बीएस उइके,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने किया ।इस दौरान हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों ने सामग्री वितरण भी किया गया ।इनमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2 हितग्राहियों को पूर्ण आवासों की चाबी सौपी गई ।दसवीं बोर्ड में उत्कृष्ट अंक लाने वाले 5 विद्यार्थियों को शील्ड और श्रीफल प्रदान किया गया ।समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 दिव्यांगों को ट्राइसायकल वितरित किए गया ।महिला एवं बाल विकास द्वारा 5 महिलाओं की गोदभराई की गई। मत्स्य विभाग द्वारा 2 स्व-सहायता समूह के महिलाओं को मत्स्य जाल एवं 2 हितग्राहियों को आईस बॉक्स प्रदान किया गया ।इसी तरह 8 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किया गया ।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य लेखराम धुर्वा,पन्नालाल साहू,जनपद सदस्य, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि,ग्रामीणजन और बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिला प्रशासन के अधिकारीकर्मचारी ग्रामीणों के एक-एक समस्याओं को सुनने के लिए यहॉ पहुंचे हुए है ।ताकि ग्रामीणों को विभिन्न कार्यालयों में जाकर चक्कर न लगाना पड़े। श्री साहू ने कहा कि ग्रामीणों के राजस्व प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक नागरिकों के लिए चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणजन शिविर के महत्व को समझकर विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ।श्री साहू ने कहा प्रत्येक ग्रामों में विकास कार्य कराएं जा रहे है। हमारी सरकार ने जो वायदे किए थे उसे लगातार पूरा कर रहे है ।उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता हर नागरिक की समस्या का त्वरित समाधान है। इस दौरान विधायक रोहित साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 2 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 5 मई से 20 मई तक विभिन्न गॉवों में जाकर फसल चक्र परिवर्तन,प्राकृतिक, जैविक खेती,संतुलित उर्वरक उपयोग,पशुपालन, मत्स्य पालन एवं उद्यानिकी फसलो के बारे में जानकारी देंगे।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो0 नि0 वि0 वि/यां संभाग रायपुर छ ग**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**क्रमांक-2260/NIT-2/2026-2027/ व ले लि दिनांक : 30/04/2026**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
| --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 |
| 2 T0005 | Electrification work of removing the old cable and installing the new one cable of New Cancer Hospital and Earthing on Oxygen Tank at Dr BRAM Hospital, Raipur CG/ DEPOSIT WORK प्रथम आमंत्रण | 6.52 |
| 2 T0006 | SITC of air conditioner and electrification work for PWD Bridge sub division no 1 and Bridge Circle, Sirpur Bhawan Campus, Civil Line, Raipur, CG Contingency Work प्रथम आमंत्रण | 7.27 |
| 2 T0007 | Providing and fixing of additional LT panel and electrical work at New Vidhansabha Sector 19, Nawa Raipur under PWD E/M Vidhansabha subdivision, Raipur, CG BUDGETED WORK प्रथम आमंत्रण | 9.80 |
| 2 T0008 | Supply and fixing of air conditioning work at bungalow no C5, Shankar Nagar under PWD E/M vidhansabha subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 7.62 |

**नोट:-** निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी दिनांक 13/05/2026 अपरान्ह 5:30 बजे तक

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

शर्ते- 1) उपरोक्त कार्यो के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी ।

G-262700516/1

कार्यपालन अभियंता
लो0 नि0 वि0 वि/यां संभाग रायपुर छ ग

# ऐतिहासिक जीत का जश्न: राष्ट्र निर्माण की दिशा में नई ऊर्जा विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व में उत्साहपूर्ण आयोजन

■ कमल की दस्तक से बदला इतिहास, रायपुर में दिखा उत्सव का रंग



**रायपुर (विश्व परिवार)।** देशभर में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत का जश्न उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में 15 वर्षों के बाद मिली विजय ने इस दिन को ऐतिहासिक बना दिया है। यह जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर जनता की सशक्त मुहर है। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्मभूमि बंगाल में कमल का खिलना हर राष्ट्रभक्त के लिए गर्व का विषय है।

इसी अवसर पर रायपुर में मुख्यमंत्री निवास के बाहर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी से सौजन्य भेंट कर उनका पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस बार जश्न की खास बात यह रही कि पारंपरिक मिठाइयों की जगह कार्यकर्ताओं एवं आमजनों के बीच झलमुड़ी बांटकर खुशी का इज़हार किया गया, जो बंगाल की संस्कृति से जुड़ा प्रतीकात्मक और अनोखा अंदाज़ रहा। साथ ही पटाखे फोड़कर और जयघोष के साथ विजय का उल्लास मनाया गया।

इस अवसर पर रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संदीप जंघेल, मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप खेलकर सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि यह जीत हर कार्यकर्ता की मेहनत, हर मतदाता के विश्वास और विकसित भारत के संकल्प की जीत है। यह विजय अब राष्ट्र निर्माण की नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

यह जीत समर्पित है— हर उस कार्यकर्ता को, जिसने दिन-रात परिश्रम कियाͅ हर उस मतदाता को, जिसने भरोसा जताया और हर उस सपने को, जो विकसित भारत के निर्माण की दिशा में देखा गया। विजय का यह उत्सव अब राष्ट्र निर्माण की नई उड़ान बनेगा।

# मुख्यमंत्री साय ने प. बंगाल में जहां-जहां किया प्रचार, वहां-वहां जीती भाजपा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत में अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित सीटों का अहम योगदान रहा है। बंगाल में 16 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित हैं जिनमें सभी पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। इसके पीछे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को चुनाव प्रचार में उतारने की भाजपा की रणनीति कामयाब रही। विष्णु देव साय ने जिन-जिन सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया वहां पार्टी को जीत मिली है। साय फैक्टर जंगल महल जैसे अनुसूचित जनजाति बहुल इलाकों में काम कर गया। सीएम विष्णुदेव साय झारग्राम जिले के झारग्राम, बिनपुर, नयाग्राम और गोपीबल्लवपुर विधानसभा सीटों के भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन में शामिल हुए और उनके समर्थन में रैलियां की। चारों विधानसभा क्षेत्रों में सीएम विष्णुदेव साय का प्रचार काफी चर्चा में रहा। इसकी वजह से इन सीटों पर आदिवासी वोटरों का झुकाव भाजपा की तरफ रहा और टीएमसी को बहुत बड़ा झटका लगा।

झारग्राम लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है, जबकि यहां की झारग्राम और गोपीबल्लवपुर विधानसभा सीट सामान्य श्रेणी के लिए और बिनपुर एवं नयाग्राम विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में लंबे समय से जंगल महल के इलाके को स्विंग ज़ोन के रूप में जाना जाता है।

# सुशासन तिहार: सरोधी की चौपाल में उभरी बदलाव की प्रेरक कहानी, स्वच्छता दीदी मनीषा मरकाम की आर्थिक स्थिति हुई सशक्त

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम सरोधी में आयोजित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की चौपाल केवल समस्याओं के समाधान का मंच नहीं रही, बल्कि यह ग्रामीण जीवन में आ रहे सकारात्मक बदलावों की सजीव तस्वीर भी बनी। इसी चौपाल में स्वच्छता दीदी श्रीमती मनीषा मरकाम की कहानी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

मनीषा मरकाम अपने पति श्री रंजीत मरकाम और तीन बेटों के साथ एक साधारण परिवार से हैं। उनके बच्चे वर्तमान में अध्ययनरत हैं और परिवार की आजीविका खेती-किसानी एवं मजदूरी पर निर्भर है। सीमित आय के बीच घर का खर्च और बच्चों की पढ़ाई संभालना पहले चुनौतीपूर्ण था, लेकिन अब परिस्थितियों में सकारात्मक बदलाव आया है।



मनीषा बताती हैं कि पिछले दो वर्षों से वे स्वच्छता दीदी के रूप में कार्य कर रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपए की आय प्राप्त होती है। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली 1000 रुपए की मासिक सहायता उनके लिए बड़ा सहारा बनी है। इन दोनों आय स्रोतों से वे घरेलू खर्चों के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई में भी सहयोग कर पा रही हैं। उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क गैस सिलेंडर मिलने से रसोई का कार्य आसान हुआ है। मनीषा मरकाम जय मां बंजारी महिला स्व सहायता समूह से भी जुड़ी हैं, जहां वे अन्य महिलाओं के साथ मिलकर आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्य कर रही हैं। मनीषा कहती हैं कि पहले जहां हर खर्च चिंता का कारण बनता था, वहीं अब उन्हें एक स्थिर आर्थिक संबल मिल गया है। महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन में आत्मविश्वास और सम्मान की भावना को मजबूत किया है उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं ने उनके जैसे अनेक परिवारों को नई उम्मीद और बेहतर भविष्य की दिशा दी है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान: चार डिब्बा सफाई प्रणाली को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 2 स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम जोन 2 अंतर्गत वीरांगना अवन्ति बाई लोधी वार्ड क्रमांक 6 अंतर्गत डब्ल्यूआरएस वेगन रिपेयर शॉप कॉलोनी क्षेत्र में स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों की सहायता से वहाँ के रहवासी नागरिकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अंतर्गत 4 डिब्बा सफाई प्रणाली की जानकारी देकर इस सम्बन्ध में रायपुर नगर निगम जोन 2 पदेन जोन अध्यक्ष नगर निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार और जोन 2 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लावनिया के मार्गनिर्देशन में



जागरूक बनाया गया.

नगर निगम जोन 2 स्वास्थ्य विभाग की ओर से सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों द्वारा वार्ड 6 अंतर्गत वेगन रिपेयर शॉप कॉलोनी के रहवासियों को घर में 4 विभिन्न प्रकारों के कूड़े को सुव्यवस्थित करने का सहज और सरल तरीका बतालाया और 4 पृथक ङ्क पृथक डस्टबिन में गीला , सूखा, विशेष देखभाल और सेनेटरी कूड़ा पृथक ङ्क पृथक क्रमश: हरे , नीले , लाल और काले रंग के डस्टबिन में पृथक करते हुए रखकर सफाई मित्र को सफाई वाहन में देकर राजधानी शहर रायपुर को स्वच्छ और सुन्दर राजधानी शहर बनाने सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने की विनम्र अपील की गई.

# कुम्हारी में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

**कुम्हारी (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार 2026 के तहत जन शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु विशेष अभियान हेतु नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रांतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर को सुचारू रूप से संपादित कराये जाने हेतु अतुल कुमार सिंह, उप अभियंता को नोडल अधिकारी एवं छाया साहू उप अभियंता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु कई अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाई गई है। इस शिविर में क्षेत्र के लोगों का सभी प्रकार के समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। दिनांक 6 मई बुधवार को राजीव भवन, परसदा, वार्ड 13, 16, दिनांक 12 मई दिन मंगलवार को बैडमिंटन कोट, वार्ड क्रमाकं. 15 में 09, 10, 11, 12, 14, 15 दिनांक 18 मई दिन- सोमवार समुदायिक भवन, वार्ड क्रं. 06 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08 एवं दिनांक 25 मई दिन सोमवार को कर्माभवन, जंजगिरी में 17, 19, 23, 24 तथा दिनांक 30. मई दिन शनिवार को मानस भवन कुगदा में शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें वार्ड 18, 20, 21, 22 के लोग अपने समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। राशन कार्ड/पेंशन संबंधित कार्यो के लिए जिसमें नया आवेदन पंजीयन, डुप्लीकेट राशन कार्ड, तत्काल राशन कार्ड, नाम सुधार, पेंशन कार्य व अन्य के लिए कैलाश देवदास, देव कुमार साहू, प्लेसमेंट कर्मचारी तथा विद्युत विभाग में नया लाईट।

# सुशासन त्यौहार से जनता ने बनाई दूरी : बैज

■ भाजपा सरकार का सुशासन त्यौहार ढकोसला साबित हो रहा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** साय सरकार के द्वारा मनाये जा रहे सुशासन त्यौहार से जनता ने दूरी बना लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार के सुशासन त्यौहार पर जनता को भरोसा नहीं है इसीलिए लोग अपनी समस्याओं को लेकर सरकार के कार्यक्रमों में आना नहीं चाह रहे है। पिछले बार सुशासन त्यौहार में लोगों ने जो आवेदन दिया था उसका निराकरण नहीं हुआ तथा जनता के आवेदनों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया था, इसीलिए जनता का सरकार पर से भरोसा उठ गया है, जो सुशासन त्यौहार में साफ दिख रहा है। मुख्यमंत्री सचिवालय पहले से पटकथा लिखकर मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण के कार्यक्रम को प्रायोजित किया जाता है जो जिसमें जनता की कोई रुचि नहीं रहती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में सरकारी काम ठप्प पड़े है, अकेलो तहसीलो और अनुविभागों में नामांकन बंटवारा फौती नक्शा, नक्शा खसरा बंटवारा के 8 लाख से अधिक प्रकरण पेंडिंग है। यदि सरकार



में सुशासन होता तो लोगो का काम नियमित हो रहा होता, तो त्यौहार मानाने की जरूरत क्यों पड़ती? यह सुशासन त्यौहार अपनी विफलता से ध्यान भटकाने का तरीका है। पिछले बार भी सुशासन त्यौहार मनाये थे और जनता से जो लाखो आवेदन प्राप्त हुए उसको कचरे के ढेर में फेंक दिए। इस बार के सुशासन त्यौहार के पहले पिछले साल के आवेदनो के बारे में जनता को बताये उनका अभी तक निराकरण क्यों नहीं हुआ? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार में युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही, आत्मानंद स्कूलों में स्टेशनरी तक नहीं, आरटीई में बच्चों को एडमिशन नहीं हो रहा।

# फिल्टर प्लांट में लीकेज का महापौर ने किया निरीक्षण

■ पानी सप्लाई सामान्य करने प्रशासन जुटा, महापौर ने दिए सख्त निर्देश,

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्थित 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में लीकेज की बड़ी समस्या उत्पन्न होने के कारण शहर के कई वार्डों में बीते शाम से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई है। उक्त समस्या के निराकरण हेतु मरम्मत कार्य लगातार जारी है। मरम्मत कार्य की प्रगति का जायजा लेने महापौर श्रीमती अलका बाघमार आज प्रात: 7 बजे स्वयं फिल्टर प्लांट पहुंचीं। उन्होंने मौके पर काफी समय तक उपस्थित रहकर कार्य की स्थिति का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वॉल लीकेज की समस्या को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से दूर किया जाए, ताकि शहरवासियों को जल्द से जल्द सुचारू पेयजल आपूर्ति मिल सके। उन्होंने कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न



बरतने के भी निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल, जल कार्य प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर चंद्राकर, काशीराम कोसरे, अरुण सिंह, श्रीमती सुरुचि उमरे, कार्यपालन अभियंता प्रकाश थवानी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, इंजीनियर विनोद मांझी, मोहित मरकाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। महापौर ने कहा कि शहरवासियों को होने वाली असुविधा को देखते हुए निगम पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है और जल्द ही जल आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य किया जाएगा।

# विश्व अस्थमा दिवस 2026: छत्तीसगढ़ के लिए एक तात्कालिक पुकार

■ डॉ. दिपेश मारस्के, वरिष्ठ सलाहकार, पल्मोनोलॉजी, नारायणा एमएमआई अस्पताल, रायपुर



हर वर्ष मई के पहले मंगलवार को दुनिया विश्व अस्थमा दिवस मनाती है। यह पहल ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा (त्ळ्रू) द्वारा संचालित है- एक ऐसा अवसर, जब हम एक ऐसी बीमारी पर विचार करते हैं जो आम है, दीर्घकालिक है, और फिर भी दुखद रूप से कम आंकी जाती है। इस वर्ष का विषय स्पष्ट और प्रभावशाली है अस्थमा से पीड़ित सभी लोगों के लिए एंटी-इन्फ्लेमेटरी इनहेलर्स की उपलब्धता अभी भी एक तात्कालिक आवश्यकता। यह सिर्फ एक नारा नहीं है। यह एक चेतावनी है। हमारे अपने क्षेत्र में छिपा बोझ

भारत में अस्थमा लाखों लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन इसकी वास्त्रविकता स्थानीय स्तर पर और भी गंभीर है। छत्तीसगढ़ में यह चुनौती कई स्तरों पर मौजूद है। रायपुर और आसपास के क्षेत्रों में तेजी से हो रहे शहरीकरण ने वायु प्रदूषण को बढ़ाया है, वहीं ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में लकड़ी और कोयले से खाना पकाने का धुआं बच्चों के फेफड़ों को चुपचाप नुकसान पहुंचा रहा है। इसके साथ ही खनन क्षेत्रों की धूल, कृषि से जुड़े एलर्जन और औद्योगिक संपर्क इस समस्या को और बढ़ाते हैं। साफ है कि यहां अस्थमा दुर्लभ नहीं है- बल्कि अक्सर पहचान में नहीं आता। लेकिन असली खतरा बीमारी में नहीं, बल्कि इसके प्रबंधन में है।

बहुत से मरीज अभी भी केवल अस्थायी राहत देने वाली दवाओं पर निर्भर हैं। कई लोग जांच में देरी करते हैं। और अब भी बहुत से लोग इनहेलर से डरते हैं- विज्ञान के बजाय मिथकों के कारण। दूरदराज के क्षेत्रों में, सही निदान होने के बाद भी आवश्यक दवाएं नियमित रूप से उपलब्ध नहीं होतीं।

एक उपचार योग्स बीमारी- एक टाली जा सकने वाली त्रासदी अस्थमा कोई मौत की सजा नहीं है। सही उपचार के साथ, यह सबसे नियंत्रित होने वाली दीर्घकालिक बीमारियों में से एक है। त्रासदी यह है कि गंभीर दौरे, अस्पताल में भर्ती और मौतें अभी भी होती हैं इसलिए नहीं कि इलाज नहीं है, बल्कि इसलिए कि इलाज उन तक नहीं पहुंचता जिन्हें इसकी जरूरत है। इस वर्ष के विषय का मुख्य संदेश सरल है- एंटी-इन्फ्लेमेटरी इनहेलर जीवन बचाते हैं। नियमित उपयोग से दौरे रोके जा सकते हैं-सिर्फ इलाज ही नहीं।

छत्तीसगढ़ जैसे राज्य के लिए यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। जागरूकता से कार्रवाई तक: क्या बदलना होगा मरीजों और परिवारों के लिए: शुरुआत घर से करें अस्थमा नियंत्रण घर से शुरू होता है। बार-बार खांसी, सांस फूलना या घरघराहट को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उपचार नियमित होना चाहिए, न कि केवल जरूरत पड़ने पर।

# एक चौपाल ऐसा भी जहाँ खुशियों और तालियों की रही गूंज

■ मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री का मिला आशीर्वाद और प्रोत्साहन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मई की तपती गर्मी में आज लगातार दूसरे दिन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय दूरस्थ गांवों के औचक दौरे पर रहे । कबीरधाम ज़िले के पंडरिया स्थित लोखान पंचायत में आज मुख्यमंत्री का आगमन हुआ । इस अवसर पर वे बैगा बाहुल्य कमराखोल में पीएम जनमन योजना के तहत हुए कार्यों का निरीक्षण किए और वहीं पास में आम के पेड़ों के नीचे अपनी चौपाल लगा लिए । अपने बीच मुख्यमंत्री को देख ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई । बीरनमाला, कमल के फूल से मुख्यमंत्री का आत्मीय अभिनंदन करते हुए



ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान महतारी शक्ति को सामने बैठा देख मुख्यमंत्री ने पूछ लिया कितनी महतारी यहाँ लखपति हो गई हैं ? एक साथ अनेक हाथ हवा में उठ गए । मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते सबको करोड़पति बनने की दिशा में आगे बढ़ने कहा । उन्होंने बारी-बारी से लखपति दीदियों से बातचीत की । यहाँ जंगल से बीन कर लाए महुआ और चार को मुख्यमंत्री श्री साय को उपहार के रूप में देते हुए कुकदूर की लखपति दीदी श्रीमती कचरा तेलगाम ने मुख्यमंत्री से कहा कि महुआ का पौष्टिक लड्डू बनाकर खाइएगा , वरना मैं बना कर दूँगी । मुख्यमंत्री भी उनकी आत्मीयता देख भाव विभोर होकर मुस्कुराते हुए बोले कि घर जाकर बनवाकर खाऊँगा । श्रीमती कचरा तेलगाम दीदी आस पास के गांवों में बन रहे प्रधानमंत्री आवासों में सेंट्रिग प्लेट लगाती हैं और इससे उन्हें एक साल में 80 हज़ार की आय हुई है । उन्होंने कहा कि आज चौपाल लगा देख वे साहस वहाँ पहुँची और मुख्यमंत्री के लिए भेंट स्वरूप जंगल से बीने महुआ और चार दी हैं ।

वहीं डीलर दीदी श्रीमती रजमत बाई धुर्वे ने बताया कि वे प्रधानमंत्री आवासों के लिए मटेरियल सप्लाई का काम करती हैं । उन्हें सालाना 2.50 - 3 लाख का मुनाफा हुआ है । लखपति पशु सखी श्रीमती शिवरानी पटेल का कहना है कि समूह से जुड़ सीआईएफ से उन्होंने व्यवसाय के लिए ऋण लिया और अपने खेत में सब्जी-भाजी लगायी । उन्हें सालाना डेढ़ लाख की आय हो रही । इस बिहान योजना से जीवन में आए सकारात्मक बदलाव के लिए धन्यवाद स्वरूप उन्होंने अपने खेत की सब्जियां टोकरी में मुख्यमंत्री को भेंट की । मुख्यमंत्री ने भी सभी दीदियों से बात कर प्रोत्साहित किया कि इसी तरह मन लगाकर काम करिए और आर्थिक रूप से सशक्त होइए। ज्ञात हो कि लोखन पंचायत में 58 लखपति दीदियां हैं जो विभिन्न व्यवसाय से जुड़ आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं । आज अपने नौनिहाल बच्चे के साथ श्रीमती ऋषि बघेल भी चौपाल पहुँची । यहाँ उन्होंने मुख्यमंत्री से एक ही गुहार लगायी कि उनके बच्चे का नामकरण कर दें मुख्यमंत्री । बच्चे को गोद में लेकर दुलारते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने पूछा कि कब हुआ है इसका जन्म ? तब माँ ने बताया कि रविवार के दिन।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD**
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail :ceciviltrans.raipur@cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in
**No.-04-01/Trans./Works/ 427** **Raipur, dtd.04.05.2026**
**E-TENDER NOTICE**
Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-
**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/08, Rfx No.-8100050103,** Hiring of 01 No. New SUV category vehicle with one driver for 03 years for Assistant Engineer (Civil) O/o Executive Engineer (Civil) Dn. CSPTCL, Raigarh.; **NIT Value:-** Rs. 21.13 Lakhs **& EMD:-**Rs. 21,200/-, **Contract Period:-**36 Months.
Cost per tender document to be submitted online for tender **is Rs.2000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. **dtd. 28.05.2026.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal
Samwad-47714/3
(Sanjay Tiwari)
Chief Engineer (Civil)CSPTCL, Raipur
SAVE ELECTRICITY

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**सुधार कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**
**क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्या: 01-एसटी-टेंडर-2026, दिनांक: 25.04.2026.**
**कार्य:** "उन्नत सर्किट (4-2-ka-1), स्लाइडिंग बैरियर, लॉक पोस्ट, पावर रिले (बीएलआर), एमएसआर और एलसी गेट के अन्य महत्वपूर्ण भागों के प्रावधान के माध्यम से एलसी गेट के कामकाज की विश्वसनीयता में सुधार।" **निविदा मूल्य:** ₹ 4,13,00,374.23 (₹ चार करोड़ तेरह लाख तीन सौ चौहत्तर और तेईस पैसे मात्र)। **अमानत राशि:** ₹ 8,26,000/- (₹ आठ लाख छब्बीस हजार मात्र)।
**निविदा जमा होने की तिथि: 21.05.2026 के 15.00** बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
*मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी./ (सीआईसी),बिलासपुर*
*सीपीआर/10/72*
South East Central Railway @secrail

### प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण हेतु अधिकारियों के पदस्थापना में आंशिक परिवर्तन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन द्वारा प्रशासनिक कार्यों में गति, समन्वय एवं दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से अधिकारियों के पदस्थापना में आंशिक परिवर्तन किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा एवं आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। इस संबंध में जारी आदेशानुसार, सुश्री अंकिता गर्ग (रा.प्र.से.), उप सचिव कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए उनकी शेष पदस्थापना यथावत रखी गई है।

### संवाद से समाधानः कमराखोल में मुख्यमंत्री ने दूर की बिजली बिल की चिंता

# बकाया बिल से घबराने की जरूरत नहीं, समाधान योजना से मिलेगी राहतः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय का 4 मई को सुदूर वनांचल ग्राम कमराखोल का दौरा आमजन के लिए राहत और विश्वास का संदेश लेकर आया। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आम पेड़ के नीचे आयोजित चौपाल में मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को आत्मीयता से सुना और मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह दृश्य शासन और जनता के बीच विश्वास के मजबूत रिश्ते का जीवंत उदाहरण बन गया।



चौपाल के दौरान जब एक ग्रामीण ने बढ़ते बिजली बिल और बकाया राशि को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की, तो मुख्यमंत्री ने उसे बीच में ही आश्वस्त करते हुए कहा -परेशान होने की जरूरत नहीं है, आपकी सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की बिजली बिल भुगतान समाधान योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई है, जिसके तहत पुराने बकाया बिलों में व्यापक छूट प्रदान की जा रही है। घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ कृषि पंप धारकों को भी योजना का लाभ मिल रहा है, जबकि बीपीएल परिवारों के लिए विशेष रियायतों का प्रावधान किया गया है।मुख्यमंत्री श्री साय की कार्यशैली केवल आश्वासन तक सीमित नहीं रही। उन्होंने तत्काल कलेक्टर को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि कमराखोल सहित आसपास के गांवों के लोगों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और समस्याओं का समाधान उनके अपने गांव में ही हो सके।इस दौरान कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जानकारी दी कि जिले में अब तक 13 हजार से अधिक उपभोक्ता इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं और उन्हें कुल 11.75 करोड़ रुपये से अधिक की छूट प्रदान की जा चुकी है। कमराखोल की इस चौपाल ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब शासन का नेतृत्व सीधे जनता से संवाद करता है।

## शिक्षा, संस्कृति ,स्वास्थ्य और खेल के प्रोत्साहन से क्षेत्र का कायाकल्प कर रहा एएम/एनएस इंडिया

**दंतेवाड़ा ( विश्व परिवार )।** आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) किरंदुल ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए एक साथ कई बड़े कदम उठाए हैं जिसके सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर नजर आने लगे हैं। कंपनी द्वारा संचालित बाल ज्योति निःशुल्क नेत्र जांच शिविर इसी दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और मानवीय पहल साबित हुई है जिसके तहत बीते दिनों शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गीदम में एक विशेष वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी और शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में क्षेत्र के 12 अलग-अलग स्कूलों से चिन्हित किए गए कुल 133 दृष्टि दोष से




प्रभावित बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाले चश्मे प्रदान किए गए। इन चश्मों को संबंधित स्कूलों के शिक्षकों को हैंडओवर किया गया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक तंगी या जानकारी के अभाव में किसी भी बच्चे की शिक्षा में उसकी कमजोर दृष्टि कभी बाधा न बने और वे स्पष्ट विजन के साथ अपनी सुनहरी भविष्य की राह चुन सकें। शिक्षा के साथ-साथ बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में भी एएम/एनएस इंडिया ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई है। कंपनी के सहयोग से अरविंद कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा- गुरुकुल से ग्लोबल तक विषय पर एक उच्च स्तरीय दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस संगोष्ठी ने देशभर के शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को एक साझा मंच प्रदान किया जिसमें लगभग 160 विद्वानों ने हाइब्रिड माध्यम यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से जुड़कर प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति की वैश्विक प्रासंगिकता पर गहन मंथन किया।

## मेंबरशिप फीस पर टैक्स नियम स्पष्टः एनजीओ मेम्बरशिप पर इनकम टैक्स की छूट तो जीएसटी 18 प्रतिशत लगेगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, ट्रेड एसोसिएशन, क्लब और रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसायटी (ऋङ्ख) द्वारा ली जाने वाली मेंबरशिप फीस पर टैक्स नियमों को लेकर अक्सर भ्रम की स्थिति बनी रहती है। टैक्स विशेषज्ञ सीए चेतन तारवानी जी के अनुसार, मेंबरशिप फीस पर इनकम टैक्स और जीएसटी के अलग-अलग प्रावधान लागू होते हैं, जिन्हें समझना संस्थाओं के लिए बेहद आवश्यक है। इनकम टैक्स के तहत, यदि कोई संस्था



अपने सदस्यों से प्राप्त मेंबरशिप फीस को उन्हीं सदस्यों के हित में खर्च कर देती है, तो इसे आय नहीं माना जाता और इस पर इनकम टैक्स लागू नहीं होता।

इसके अलावा, यदि संस्था अपने सदस्यों के अलावा अन्य स्रोतों से आय अर्जित करती है, जैसे प्रॉपर्टी को किराए पर देना या जमा राशि पर ब्याज प्राप्त करना, तो ऐसी आय पर इनकम टैक्स लागू होता है। वहीं, यदि संस्था का खर्च उसकी आय से अधिक हो जाता है, तो इस स्थिति में हुए नुकसान को अन्य टैक्सेबल आय के साथ निर्धारित सीमा तक समायोजित किया जा सकता है। एनजीओ को प्राप्त दान पर इनकम टैक्स देय नहीं है हालांकि, यदि संस्था दान के बदले किसी प्रकार की सुविधा प्रदान करती है, जय दानदाता का विज्ञापन छापना तो यह आय की श्रेणी में आती है और उस पर इनकम टैक्स देय होता है।

## पं. बंशराज तिवारी की स्मृति में 20वां निःशुल्क रोग निदान शिविर आज

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** जिला मुख्यालय मे स्थित चंदा देवी तिवारी हास्पिटल मे बलौदाबाजार के पूर्व विधायक (1977-80) अधिवक्ता एवं समाजसेवी स्व. पं. बंशराज तिवारी की स्मृति मे उनकी जन्मजयंती पर लगातार 20 वर्षों से निःशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन उनके पुत्र डा. प्रमोद तिवारी द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमे अभी तक हजारों मरीज लाभान्वित हो चुके हैं इस एक दिवसीय शिविर मे सामान्य मरीजों की जांच स्त्रीरोग नेत्ररोग दंतरोग अस्थिरोग उदररोग श्वसन रोग




रक्तचाप मधुमेह की जांच के साथ ही हाइड्रोसिल हार्निया बवासिर के मरीजों का आपरेशन एवं आवश्यकतानुसार सभी मरीजों का खून जांच एक्सरे सोनोग्राफी ईसीजी दवा वितरण निःशुल्क किया जाता है एवं गंभीर मरीजों को भी उचित सलाह एवं संभावित उपचार प्रदान किया जाता हैं जिसमे उनके पुत्र डा. नितिन तिवारी पुत्रवधु डा. गीतिकाशंकर तिवारी पुत्री डा. सुकृति तिवारी के अलावा अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक भी अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। इस वर्ष भी 6 मई बुधवार प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक भव्य निःशुल्क शिविर आयोजित है जिसमे मरीजों का पंजीयन प्रारंभ हो चुका है अतः सभी जरूरतमंद मरीज अधिक से अधिक संख्या मे इस पुण्य अवसर का लाभ उठावें।

## प्रदेश में महिलाओं के साथ अपराध लगातार बढ़ गये है : सुशील आनंद

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बेहद चिंता का विषय है कि पद्मश्री फुलबासन बाई का अपहरण करने की कोशिश की गयी, ईश्वर का शुक्रिया है वह सुरक्षित है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में जब पद्मश्री फुलबासन बाई सुरक्षित नहीं है तो आम महिला की स्थिति की कल्पना की जा सकती है। छत्तीसगढ़ में आज महिलायें बिल्कुल सुरक्षित नहीं है, रोज बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें हो रही है।



5 साल की मासूम बच्चियां के साथ दूराचार हो रहा है। आदिवासी बच्चियां सुरक्षित नहीं है। छत्तीसगढ़ महिलाओं के लिए असुरक्षित हो गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद दो साल के अंदर 7146 बलात्कार की घटनाएं हुई है, इस हिसाब से रोज प्रदेश में 8 से 9 दुराचार की घटनाएं हो रही है। अर्थात् राज्य में हर 3 घंटे में एक महिला दुराचार की शिकार हो रही है।

## भाजपा की जीत पर झालमुड़ी बांटकर मनाया गया जश्न




**रायपुर( विश्व परिवार )।** पश्चिम बंगाल एवं असम में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत का जश्न भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा जयस्तंभ चौक में झालमुडी बांटकर एवं आतिशबाजी कर मनाया । पश्चिम बंगाल में ममता बैनर्जी के कुशासन एवं अहंकारी शासन को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के लोकहितकारी सिद्धांतों पर विश्वास कर बंगाल की जनता ने भरी मतो से भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाया इस अभूतपूर्व विजय की जश्न के रूप में मनाने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा आज शाम 5 बजे से विजय उत्सव मनाया गया चुकी बंगाल चुनाव में मोदी जी ने झालमुडी खा कर बंगाल की जनता का विश्वास जीता इसलिए आम जनता को झालमुडी का वितरण कार्यक्रम स्थल पर किया गया एवं भव्य आतिशबाजी द्वारा विजय उत्सव मनाया गया। सभा स्थल में प्रदेश संयोजक श्री सुभाष अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत माननीय नरेंद्र मोदी , गृह मंत्री अमितशाह की मेहनत एवं सटीक चुनावी रणनीति के कारण ही संभव हो सकी में सभी कार्यकर्ताओं को इस जीत की बधाई देता हूँ ।

## भीषण सड़क दुर्घटना में चार युवकों की मृत्यु
## पीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता देने की मांग

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 03 मई 2026 को कबीरधाम जिले के पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत थाना पांडातराई के पास गडई पुल में एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना घटित हुई। बिरगांव (जिला रायपुर) के 6 युवक एक कार से शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी मुख्य मार्ग पर बड़े गड्ढे के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा।



इस भीषण दुर्घटना में 4 युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जिनमें मो. कौनैन (19 वर्ष), मो. अरमान खान (20 वर्ष), मारूफ अनवर (20 वर्ष) एवं मो. फैजल (20 वर्ष) शामिल हैं। सभी मृतक बिरगांव, जिला रायपुर के निवासी थे। वहीं, दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज रायपुर स्थित मेकाहारा एवं एम्स अस्पताल में जारी है। यह दुर्घटना न केवल अत्यंत दुखद है, बल्कि सड़क की बदहाल स्थिति को भी उजागर करती है। सभी पीड़ित परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और इस आकस्मिक घटना ने उनके सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। इस संबंध में बिरगांव निगम के एम आई सी सदस्य इकराम अहमद ने छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की गई है कि मृतकों के परिजनों को प्रति परिवार 10-10 लाख रुपये एवं घायलों के उपचार हेतु 5-5 लाख रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा एजेंट्स एवं रिटायरीज की बैठक का सफल आयोजन

**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** द ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा बिज़नेस ऑफिस दुर्ग में एजेंट्स (रेगुलर/पीओएसपी) एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दुर्ग, भिलाई, रिसाली, बालोद एवं राजनांदगांव क्षेत्र के एजेंट्स एवं रिटायरीज ने बड़ी संख्या में भाग लिया।




कार्यक्रम का शुभारंभ उप महाप्रबंधक श्री नरेश कांकरिया द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक श्री विजय बेन्डे ने अपने संबोधन में एजेंट्स को व्यवसाय विस्तार, ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता एवं संगठन के प्रति समर्पण की भावना को सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में अन्य क्षेत्रीय प्रबंधक एवं सेवानिवृत्त क्षेत्रीय प्रबंधक ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए एजेंट्स को मार्गदर्शन प्रदान किया। सहायक प्रबंधक श्री मनीष वर्मा द्वारा एजेंट्स के प्रदर्शन की समीक्षा प्रस्तुत की गई तथा जीएमसी (त्रस्ष्ट) के संबंध में जानकारी दी गई। उप प्रबंधक सुश्री श्रीला सेन ने संपूर्ण स्वास्थ्य बीमा एवं गृह रक्षा बीमा जैसे प्रमुख उत्पादों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं उप प्रबंधक श्री देवलाल साहू द्वारा कंपनी के नए उत्पादों, नवीन परिवर्तनों एवं विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी साझा की गई। मुख्य अतिथि श्री नरेश कांकरिया ने अपने उद्बोधन में एजेंट्स एवं रिटायरीज को संगठन की सफलता का आधार बताते हुए उन्हें निरंतर उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुति में श्री जगदीश कुमार (एजीएम, लॉयड्स इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड, पूर्व सैन्य अधिकारी) द्वारा प्रस्तुत गीत ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संयोजन क्षेत्रीय प्रबंधक श्री संदीप कुमार सिन्हा द्वारा किया गया, जिनके प्रयासों से इस आयोजन ने आपसी समन्वय एवं जुड़ाव को और सुदृढ़ किया। इस कार्यक्रम में श्री वीरेन्द्र जांभुलकर एवं बिज़नेस ऑफिस दुर्ग की टीम तथा बिज़नेस ऑफिस भिलाई की टीम ने विशेष सहयोग प्रदान किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354